गुरुवार, 14 मई 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 28 – 34 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 04:57 | सूर्यास्त: 18:08 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक छात्र उत्तीर्ण, उत्तीर्ण प्रतिशत में गिरावट: सीबीएसई पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

सुविचार : शिक्षक सिखा कर परीक्षा लेता है और वक्त परीक्षा लेकर सिखाता है।

GREAT LEADERSHIP SUCCESS IN BRINGING PEACE, DEVELOPMENT, PROSPERITY, AND RENEWED GLORY TO WEST BENGAL.



Heartiest Congratulations

CHIEF MINISTER
SRI SUVENDU ADHIKARI
AND THE CABINET MINISTERS

BEST WISHES FROM 15 LAKH TRADERS OF WEST BENGAL

BEST WISHES FOR A BRIGHT & SUCCESSFUL JOURNEY AHEAD!

"FROM HOPE TO PROGRESS – BENGAL MARCHES TOWARDS A BRIGHTER FUTURE"

THE CONFEDERATION OF WEST BENGAL TRADE ASSOCIATIONS PROUDLY UNITES 15 LAKH TRADERS, BOUND TOGETHER BY TRUST, SOLIDARITY, AND THE POWER OF COLLECTIVE STRENGTH.

*Best Wishes for a Bright & Successful Journey Ahead!*

GREAT LEADERSHIP SUCCESS IN BRINGING PEACE, DEVELOPMENT, PROSPERITY, AND RENEWED GLORY TO WEST BENGAL.

CONFEDERATION OF WEST BENGAL TRADE ASSOCIATIONS

President Sushil Poddar
Hony. General Secretary J. L. Bardia
Treasurer Dinesh Jain Gangwal
Vice Presidents Pradeep Luhariwala
Vice Presidents C. K. Varadarajan
Vice Presidents Iqbal Patel
Vice Presidents Gokul Behari Saha
Vice Presidents Chandan Roy
Hony. Joint Secretary Chandresh Meghani
Hony. Joint Secretary Mustafa Khasamwala
Hony. Joint Secretary Pankaj Ghosh
Hony. Joint Secretary Uttam Basak
Hony. Joint Secretary Tapas Das
Immediate Past President Radha Kishan Rathi
Patron V K Bhandari
Advisor N K Kapadia
Advisor S K Choraria
Advisor P L Shah
Advisor G D Bagri

Alipurdwar Chamber Of Commerce & Industries
All Bengal Electronics & Accessories Manufacturer Association,
All India Electronics Association (EZ)
All India Mobile Retailer Association
Aromatic Merchants & Manufacturers' Association
Bankura Consumer Dealer's & Distributor's Welfare Association
Bangonidhi Association
Bengal Cycle Traders Association
Bharat Gas Distributor's Welfare Association
BNI Kolkata South
Burrabazar Bullion Gems and Jewellers Welfare Association
Cable TV Equipment Traders & Manufacturers Association
Calcutta Chamber of Trade
Calcutta Electric Dealers Association
Calcutta Hosiery Traders Association
Calcutta Imitation Jewellery Dealers Association
Calcutta Machinery Dealers Association
Calcutta Paper Traders Association
Calcutta Pen Manufacturers Dealers Association
Calcutta Saree Dealers Association
Calcutta Sports Dealers Association
Calcutta Wire Netting Association
Central Calcutta Trade and Professional Association
Chakdah Distributors Associations
Chamber of Purba Bardhaman Automobile Dealers Association
Computer Association of Eastern India
Confederation of Purbo and Paschim Medinipur District Chamber of Commerce & Industry (DCCI)
Coochbehar District Merchants' Chamber of Commerce
East Bengal Refugee Textiles Association
East Kolkata Nagrik Foundation
Eastern India Ball Bearing Merchants Association
Eastern India LPG Dealers Association (HP Kolkata)
Evo Connect
FBSC Welfare Trust
Federation of Automobile Dealers Associations
Ganesh Market Traders Association
Greater Calcutta Consumer Products Distribution Association
Indian Chemical Merchants and Manufacturers Association
Indian Leather Products Association
Indian Pest Control Association
Indane Distributors Association WB
Jalpaiguri District Chamber of Commerce & Industries
Jalpaiguri District Merchant Association
Kolkata Aluminium Manufacturer & Trader Welfare Association
Kolkata Marble & Granite Dealers Welfare Association
Kolkata Telecom Distributors Welfare Association
Lubricating Oil Dealers Association
Malda Merchants Chamber of Commerce
Mantras Foundation
MASA (MSME & Startups Accelerator)
Mishti Udyog – Sweets & Savouries Entrepreneurs' Association of Bengal
Nadia District Chamber of Commerce and Industries,
Nandram Market Traders Welfare Association
North Bengal Chamber of Commerce & Industry
Paschimbanga Mistanna Byabasayee Samity
Shree Gujarati Dawabazar Mandal
Shyamnagar General Merchants Welfare Association-2021
Simlapal Distributors Welfare Association
Sindhi Merchants Association
S.S. Hogg Market Traders Association
Sonamukhi Distributor
South 24 Paraganas Consumer Goods Distributors Welfare Association
South Bengal Chamber of Commerce & Industry
South Bengal Federation of Commerce and Industries
The All India Ball Bearing Merchants Association
The Calcutta Electric Traders Association,
The Calcutta Fruits Merchants Association
The Dyes & Chemical Merchants Association
The Calcutta Gujarati Education Society
The Jute Balers' Association
The South Calcutta Saree Dealers' Association
Tool & Alloy Steels Association
Uluberia Chamber of Commerce & Industry
West Bengal Distributors Association (WBDA)
West Bengal Garment Manufacturers and Dealers Association
West Bengal Kerosine Dealers Association
West Bengal Papers Traders Association
West Bengal Petroleum Dealers Association
Bardhaman Federation & Association
West Bengal State Paddy Merchants Association
Burdwan District West Bengal Rice Mill Owners' Association



CONFEDERATION OF WEST BENGAL TRADE ASSOCIATIONS

+ 91 9163361616 www.cwbta.in info@cwbta.in

## नीट परीक्षा रद्द होने से प्रतिभाएं हताश

हमारे तंत्र की नाकामी और परीक्षा तंत्र में भ्रष्टाचारियों की बढ़ती सेंध का ही नतीजा है कि पेपर लीक के बाद नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट परीक्षा 2026 रद्द कर दी गई। भारत में मेडिकल और डेंटल कोर्सेज में दाखिले के लिए तीन मई को परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें करीब पौने तेईस लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी। ये परीक्षाएं देश के 551 शहरों और विदेशों के 14 शहरों में 5400 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। दरअसल, पेपर लीक होने के आरोपों के बाद जांच एजेंसियों की सिफारिश पर परीक्षा रद्द की गई है। केंद्र सरकार ने कथित रूप से डेटा लीक और धांधली की व्यापक जांच के लिए सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कहा है कि व्यवस्था में विश्वास बहाली के लिए फिर से परीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। कहा जा रहा है कि एनटीए ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा निष्कर्षों की प्रारंभिक जांच के आधार पर परीक्षा स्थगन का फैसला लिया। निस्संदेह, इस फैसले ने उन लाखों छात्रों को निराश ही किया है जो महीनों से परीक्षा की तैयारी में लगे थे। अब उन्हें नये सिरे से परीक्षा की तैयारी करनी होगी। नीट प्रवेश परीक्षा स्थगित किए जाने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने एनटीए व केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोले हैं। कहा जा रहा है कि एनटीए में सुधार नहीं, अब पूरी संरचना बदलने की जरूरत है। एक संसदीय समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा जा रहा है कि एनटीए के बुनियादी पुनर्गठन की जरूरत है। राजनेता पीपर लीक व प्रश्नपत्रों में गलती सामने आने को छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बता रहे हैं। साथ ही पूरी परीक्षा प्रणाली को बदलने की मांग की जा रही है। साथ ही एनटीए के उद्देश्य और कार्यक्षमता को लेकर शंका जतायी जा रही है।

वहीं कांग्रेस का आरोप है कि एनटीए द्वारा आयोजित 14 राष्ट्रीय परीक्षाओं में से पांच में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। इनमें जेईई मेन्स 2025 उत्तर कुंजी के दोषपूर्ण होने पर प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न वापस लेने पड़े थे। मांग है कि एनटीए को केंद्रीयकृत करने के बजाय संसद के प्रति जवाबदेह बनाया जाए। वहीं एनटीए कह रहा है कि छात्रों को नया आवेदन नहीं करना होगा, न ही कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क लगेगा। यह भी कि एनटीए अपने संसाधनों का प्रयोग करके दोबारा परीक्षा आयोजित करेगी। साथ ही एनटीए ने परीक्षा में गड़बड़ी की जवाबदेही स्वीकारी है। दरअसल, आरोप है कि नीट का पेपर 'क्वेश्चन बैंक' के जरिये लीक किया गया, जिसमें फिजिक्स, कैमिस्ट्री और बायोलॉजी के तीन से ज्यादा सवाल थे। जिसमें आधे हूबहू परीक्षा में आए। आशंका है कि सोशल मीडिया के जरिये ये प्रश्नपत्र लाखों तक पहुंचे। हालांकि, इस मामले का खुलासा सीकर से हुआ, लेकिन कहते हैं कि पेपर पहले केरल से एक मई को आया और उसके तार नासिक से लेकर उत्तराखंड तक जुड़े थे। एनटीए ने कहा है कि सात मई की रात एक व्हिसलब्लोअर से उन्हें पेपर लीक की सूचना मिली। बताते हैं कि सीकर के एक पीजी संचालक ने पेपर लीक की सूचना पुलिस को दी। कालांतर में पेपर से जुड़ी ऑनलाइन चैट वायरल हो गई। एनटीए द्वारा जांच केंद्रीय एजेंसियों को सौंपने के बाद एक दर्जन से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए। यह विडंबना ही है कि भ्रष्टाचार के बाजार में लाखों छात्रों की मेहनत और सपने नीलाम हो रहे हैं। कुछ लोग लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण के भी आरोप लगा रहे हैं। तभी कई बार नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के बावजूद किसी को बड़ी सजा अब तक नहीं मिली है। यही वजह कि नीट परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट में बदलने की मांग की जा रही है क्योकि पेन-पेपर मोड में पेपर लीक होने की ज्यादा आशंका रहती है। कंप्यूटर आधारित परीक्षा को सुरक्षित व पारदर्शी बताया जा रहा है। साथ ही पारदर्शी जांच व जवाबदेही तय करने की बात कही गई है। सवाल स्टाफ की आउटसोर्सिंग को लेकर भी उठे हैं। परीक्षाएं हाइब्रिड परीक्षा मॉडल के साथ ऑनलाइन कराने की भी मांग है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 मई, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वादशी, 11:16 तक, नक्षत्र : रेवती, 04:57 तक, योग : प्रीति, 17:47 तक, सूर्योदय: 04:57, सूर्यास्त: 18:08, चन्द्रोदय : 03:17, चन्द्रास्त: 16:12, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 13:48 से 15:26

## राशिफल

**मेष :** आज खुशियों की हल्की-हल्की दस्तक आपके दिन को खास बना सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही खबर मिल सकती है। मन की शांति बनी रहेगी।

**वृष :** आज मन किसी बात को लेकर थोड़ा बेचैन रह सकता है, लेकिन आपकी मेहनत आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगी। पैसों से जुड़ी बातें किसी से शेयर करने से बचें।

**मिथुन :** आज सफलता आपके कदम चूम सकती है। पुराने दोस्त से मुलाकात आपको भावुक और खुश दोनों कर सकती है। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलना शुरू होगा।

**कर्क :** आज का दिन थोड़ी उलझनों के साथ आगे बढ़ सकता है, इसलिए हर फैसला सोच-समझकर लें। परिवार के मुद्दों को प्यार और समझदारी से सुलझाने की जरूरत होगी।

**सिंह :** आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका साथ देती नजर आएगी। रुके हुए काम पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। बिजनेस में पार्टनर के साथ नई योजनाओं पर चर्चा लाभदायक साबित होगी।

**कन्या :** आज बड़े सपनों को हकीकत में बदलने की शुरुआत हो सकती है। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको आत्मिक खुशी मिलेगी। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

**तुला :** आज सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप हर स्थिति संभाल लेंगे।

**वृश्चिक :** आज परिवार और सेहत दोनों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ छोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन प्यार से बात करेंगे तो रिश्ता और मजबूत होगा।

**धनु :** आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ते नजर आएंगे। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम से खुशियों का माहौल बनेगा। सरकारी कामों में प्रगति मिलने की संभावना है।

**मकर :** आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने के संकेत हैं और मेहनत रंग लाती दिखाई देगी। बॉस आपकी कार्यशैली से खुश रहेंगे। समाज सेवा या परोपकार के कार्यों से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**कुम्भ :** आज लाभ और नए अवसर आपके आसपास मंडराते दिखाई देंगे। नया काम शुरू करने का विचार फायदेमंद साबित हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ छोटी बहस हो सकती है।

**मीन :** आज मन में चल रहा संशय आपको थोड़ा उलझन में डाल सकता है। कोई महत्वपूर्ण डील आखिरी समय में अटक सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग तनाव बढ़ा सकते हैं।

# सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का निधन



**लखनऊः** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का बुधवार सुबह दिल और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। प्रतीक 38 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी अपर्णा यादव और दो बेटियां हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक प्रतीक को बुधवार सुबह तबीयत खराब होने पर यहां सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रतीक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार पूर्वाह्न 11 बजे यहां बैकुंठधाम में किया जाएगा। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक शारीरिक फिटनेस के शौकीन रहे प्रतीक बेहद प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद सियासत से दूर रहना पसंद करते थे। प्रतीक की पत्नी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता अपर्णा यादव इस वक्त उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक घटना के वक्त अपर्णा उत्तर प्रदेश में नहीं थीं और पति की मौत की खबर मिलने पर वह दोपहर में यहां अपने आवास पर लौटीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सौतेले भाई रहे प्रतीक की मां साधना गुप्ता पार्टी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी थीं। जब उन दोनों की शादी हुई थी, तब प्रतीक किशोरावस्था में थे। प्रतीक के निधन की खबर पाकर अखिलेश यादव किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''वह एक बहुत ही अच्छे नौजवान थे जो अपनी कड़ी मेहनत से कुछ हासिल करना चाहते थे। दुख की बात है कि अब वह हमारे बीच नहीं रहे।'' प्रतीक की मृत्यु के कारणों की जांच की संभावनाओं के बारे में पूछे गए सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा, 'कानून जो भी कहता है और परिवार जो भी तय करेगा, हम उसे मानेंगे।' उन्होंने कहा कि वह करीब दो महीने पहले प्रतीक से मिले थे और उन्हें अपनी सेहत का ध्यान रखने तथा अपने काम को आगे बढ़ाने की सलाह दी थी।

### मुख्यमंत्री ने प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया, घर जाकर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने प्रतीक के घर जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी पत्नी अपर्णा यादव व उनकी दोनों बेटियों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के वित्तीय मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी पहुंचे और प्रतीक को श्रद्धांजलि दी।

## सपा के जिला उपाध्यक्ष के एक घर को बुलडोजर से किया गया ध्वस्त



**हापुड़ (उप्र):** हापुड़ में सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर बुधवार को प्रशासन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला उपाध्यक्ष के एक घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया, जिसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और गांव में तनाव फैल गया। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के मोदीनगर रोड पर हैदरपुर नंगोला गांव में की गई । अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के बाद गांव में भारी पुलिस तैनाती की गई, जबकि क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक दिया। ढहाया गया मकान सपा जिला उपाध्यक्ष अयूब सिद्दीकी का था। अधिकारियों का आरोप है कि घर का निर्माण सरकारी तालाब की जमीन पर किया गया है। सूत्रों ने कहा कि गांव में लगभग 42 घर कथित तौर पर एक ही जमीन पर बनाए गए थे और जिला प्रशासन द्वारा पहले ही कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए गए थे। कार्रवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, तहसीलदार स्वाति गुप्ता और नायब तहसीलदार नितिन कुमार, पुलिस कर्मी और बुलडोजर के साथ मौजूद रहे। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण सिद्दीकी के घर को निशाना बनाया । विध्वंस के बाद, ग्रामीणों और सपा कार्यकर्ताओं में गुस्सा फैल गया, और उन्होंने इस कदम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने कथित तौर पर आगे बढ़ने से रोकने के लिए गांव में प्रवेश मार्गों को सील कर दिया।

## बिहार के तीन मंत्रियों ने पेश की मिसाल, एक ही वाहन से महुआ रवाना हुए

**पटना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पेट्रोल और डीजल के उपयोग में कमी लाने की अपील के मद्देनजर बुधवार को बिहार सरकार के तीन मंत्रियों ने महुआ में आयोजित एक कार्यक्रम में जाने के लिए एक ही वाहन का इस्तेमाल कर देश के प्रति अपनी एकजुटता और संसाधनों की मितव्ययिता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हैदराबाद में भारतीय जनता पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को कम करने के लिए ईंधन का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने, सोने की खरीद कम करने और विदेश यात्राओं में कटौती की अपील की थी। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय सिंह, गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री संजय पासवान और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री लखेंद्र पासवान ने अलग-अलग काफिले के बजाय एक ही सरकारी वाहन से यात्रा की। मंत्रियों ने एक साझा बयान जारी कर कहा, ''प्रधानमंत्री ने देश हित में ईंधन के संयमपूर्ण इस्तेमाल की जो अपील की है और इस पर अमल करना हम सभी का कर्तव्य है।

## झारखंड: चार बार के विधायक और पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन



**रांची:** झारखंड के पूर्व मंत्री और चार बार विधायक रहे माधव लाल सिंह का बुधवार को 73 वर्ष की आयु में रांची के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सिंह के परिजनों ने बताया कि उन्हें फेफड़ों से संबंधित समस्याओं के कारण पांच मई को बोकारो के एक स्वास्थ्य केंद्र से यहां एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया था और वह वेंटिलेटर पर थे। सिंह के तीन बेटे हैं। वह 2000 में बिहार सरकार में श्रम और पर्यटन मंत्री रहे और बाद में उन्होंने 2003 में झारखंड सरकार में परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्री के तौर पर काम किया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने अधिकारियों को दिवंगत नेता का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। सिंह ने अविभाजित बिहार के गोमिया से 1985, 1990 और 2000 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर विधानसभा चुनाव जीता था।

## राजस्थान के कई हिस्सों में भीषण गर्मी, फलौदी में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस



**जयपुर:** राजस्थान के कई हिस्सों में बुधवार को भीषण गर्मी ने जनजीवन को प्रभावित किया तथा फलौदी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहां पारा 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। अन्य प्रमुख शहरों में जैसलमेर में 46.1 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 45.8 डिग्री, बाड़मेर और बीकानेर में 45.2 डिग्री, कोटा में 44.8 डिग्री, जोधपुर में 44.7 डिग्री और श्रीगंगानगर में 44.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। विभाग के अनुसार राज्य की राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अजमेर में अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री, भीलवाड़ा में 43 डिग्री, सीकर में 42 डिग्री और चूरू में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर के मौसम केंद्र ने चेतावनी दी है कि अगले चार-पांच दिन जोधपुर और बीकानेर संभागों में भीषण लू चलने एवं रातें गर्म रहने की संभावना है।

## उत्तर प्रदेश के भदोही और बदायूं जिलों में तूफान और बारिश से 11 लोगों की मौत



**भदोही/बदायूं (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के भदोही और बदायूं जिलों में बुधवार को आए तेज तूफान और भारी बारिश ने भारी तबाही मचाई। अलग-अलग हादसों में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।भदोही जिले में तूफान और बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। कई इलाकों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा मकानों को नुकसान पहुंचा। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से राहत एवं बचाव कार्यों में कठिनाई आई। जिले की तीनों तह-सीलों में प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीमें लगातार निरीक्षण और राहत कार्य कर रही हैं। अब तक यहां छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों के अनुसार, विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही नुकसान और हताहतों की सही जानकारी सामने आ सकेगी।वहीं बदायूं जिले में धूल भरी आंधी और बारिश के कारण कई दर्दनाक हादसे हुए। बिसौली थाना क्षेत्र के सिद्धपुर कैथोली गांव में कच्चे मकान की दीवार गिरने से दो नाबालिग लड़कियों मौसमी (10) और रजनी (9) की मौत हो गई। दोनों लड़कियां तूफान से बचने के लिए वहां शरण लेने पहुंची थीं। हादसे में दो महिलाएं भी गंभीर रूप से घायल हो गईं।फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के तारक परोली गांव में एक पेड़ ट्यूबवेल के कमरे पर गिर गया, जिससे लक्ष्मी (40) की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा बिसौली क्षेत्र में पेड़ गिरने से ट्रक चालक योगेश (32) और अंशुल शर्मा (22) की भी जान चली गई।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हृदेश कुमार कटारिया ने बताया कि जिले में तूफान से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हुई है तथा करीब पांच अन्य घायल हुए हैं। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है।

# बिहार मंत्रिमंडल ने 72,901 करोड़ रुपये ऋण लेने को दी मंजूरी, महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत वृद्धि



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान राज्य सरकार को 72,901 करोड़ रुपये तक ऋण लेने की अनुमति प्रदान की गई, जिसमें 64,141 करोड़ रुपये का बाजार ऋण शामिल हैं। इस राशि से राज्य में विभिन्न तरह की विकास योजनाओं पर खर्च की जाएगी। मंत्रिमंडल ने राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में वृद्धि को भी स्वीकृति दी। सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना के तहत कार्यरत कर्मचारियों का डीए 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, छठे वेतनमान के कर्मियों का डीए 257 प्रतिशत से बढ़ाकर 262 प्रतिशत तथा पांचवें वेतनमान के कर्मियों का डीए 474 प्रतिशत से बढ़ाकर 483 प्रतिशत किया गया है। यह वृद्धि एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। सरकार ने कहा कि महंगाई भत्ते में वृद्धि का उद्देश्य कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की क्रय शक्ति को बनाए रखना है। मंत्रिमंडल ने राज्य के पांच संवेदनशील जिलों- पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सिवान-में 'पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)' के पांच नए पद सृजित करने को भी मंजूरी दी। सूत्रों के अनुसार, इन जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों की निगरानी मजबूत करने और कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। बैठक में बिहार नगरपालिका योजना सेवा संवर्ग के लिए नई वेतन संरचना को स्वीकृति दी गई। इसके तहत सहायक नगरपालिका योजना पदाधिकारी (अराजपत्रित) को लेवल-6 तथा नगरपालिका योजना पदाधिकारी (प्रथम प्रोन्नति स्तर, राजपत्रित) को लेवल-7 का वेतनमान मिलेगा।

### बिहार को एआई केंद्र बनाने की दिशा में पहल, 'बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन' को मंजूरी

**पटना:** बिहार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नीतीश मिश्र ने बुधवार को कहा कि सरकार ने बिहार को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए ''बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन' को मंजूरी दी है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बयान के अनुसार मंत्री ने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य राज्य में अत्याधुनिक एआई पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, कौशल विकास को बढ़ावा देना तथा नवाचार आधारित तकनीकी वाता-वरण विकसित करना है। उन्होंने बताया कि मिशन में एआई क्षेत्र के अग्रणी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उद्योगों तथा संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित करना भी शामिल है, ताकि बिहार को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में नई पहचान मिल सके। मिश्र ने कहा कि राज्य सरकार ने सिंगापुर स्थित प्रतिष्ठित संस्था 'ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क' (जीएफटीएन) के नामांकन आधारित चयन तथा 'आर्यभट दृष्टि' परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 209 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

### ईवी (संशोधन) नीति, 2026 को मंजूरी दी

राज्य में हरित, आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026' को मंजूरी दी गयी। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार के अनुसार, नई नीति के तहत महिलाओं को इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन खरीदने पर प्रति वाहन एक लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक राज्य में नए वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत तक पहुंचाना है। अधिकारी ने बताया कि नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने वाली महिलाओं को 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और यह प्रोत्साहन राशि वर्ष 2026-27 के लिए देय होगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सचिव ने बताया कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने पर सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को 12 हजार रुपये प्रति वाहन अनुदान दिया जाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3438

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | | | ■ | |
| 8 | | | ■ | | ■ | ■ | 9 | | |
| | ■ | | ■ | 10 | 11 | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | | | ■ | |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| ■ | ■ | 21 | | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | | ■ | 24 | | ■ | 25 | 26 |
| | ■ | | ■ | 27 | | ■ | 28 | | |

*बायें से दायें:-* 1) स्वास्थ्य, 3) मिट्टी का तेल, 6) एक हिमालयीन झील, 8) दाख़िला, 9) झंडा, 10) रत्न, 13) दैत्य, 15) सब, 16) ओहदा, 17) भूमिजा, 19) बकाया, 21) कार्यक्षेत्र, 22) वर्षमेघ, 23) आपत्ति, 24) सूर्योदय, 25) डाली, 27) प्रबल प्रवाह, 28) आरंभिक कर्म.

*ऊपर से नीचे:-* 2) मजमेबाज़, 3) ज़ख़्म, 4) संरक्षक, 5) बूँदा-बाँदी, 7) कमल, 8) रिवाज़, 11) गंध, 12) आक्रमक, 13) प्रशंसा, 14) मृत्युपत्र, 18) नक्षत्र, 19) सम्राट, 21) पल्ला, 23) सद्यःप्रसूता, 24) सीधासादा, 26) चमड़ा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | दु | आ | ■ | सु | ल | ग | ना | ■ | व |
| क | ■ | रा | ■ | भी | ■ | दा | दा | गि | री |
| ब | ■ | म | ह | ता | ब | ■ | नी | ■ | य |
| स | ब | ■ | क़ी | ■ | र | मा | ■ | पि | ता |
| ■ | ग | ■ | क़ | ■ | त | रे | र | ना | ■ |
| ज | ला | व | त | र | न | ■ | च | क | मा |
| ■ | भ | क्त | ■ | म | ■ | बौ | ना | ■ | मू |
| भाँ | ग | ■ | म | क़ | ब | रा | ■ | जा | ली |
| जी | त | ■ | त | ना | ■ | ना | ग़ | मा | ■ |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 5 | | |
| | 5 | | | 1 | 2 | | | 4 |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| | | | | | 3 | | 8 | |
| 3 | 7 | | | | | | 1 | 5 |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 5 | 4 | | 7 | | | | | |
| | | | | 9 | 6 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3395 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 9 |

गुरुवार, 14 मई 2026
मौसम
तापमान 28 – 34
आर्द्रता 78%
सूर्योदयः 04:57 सूर्यास्तः 18:08

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर



किसानों के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी, कोयला सेक्टर के लिए मेगा बजट, कैबिनेट की बैठक में 4 बड़े फैसले पृष्ठ 8

सुविचार : शिक्षक सिखा कर परीक्षा लेता है और वक्त परीक्षा लेकर सिखाता है।

## बंगाल में यूपी मॉडल : तिलजला अग्निकांड के बाद कोलकाता में चला बुलडोजर, अवैध फैक्ट्री जमींदोज

### जांच समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के बाद सीएम शुभेंदु ने दिया कार्रवाई का आदेश



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल की नव निर्वाचित भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही अवैध निर्माणों और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी है। कोलकाता के तिलजला इलाके में एक अवैध फैक्ट्री में लगी भीषण आग में दो लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के 30 घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के आदेश पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस कार्रवाई के साथ ही सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अवैध निर्माणों के जरिए आर्थिक लाभ लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें कि जीजे खान रोड स्थित एक बहुमंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर मंगलवार की दोपहर आग लगी थी। अवैध रूप से चल रही इस चमड़ा फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों का अभाव था। हादसे में दो मजदूरों की मौत और पांच के घायल होने की रिपोर्ट मिलते ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने जांच कमेटी गठित की। बुधवार की दोपहर रिपोर्ट सामने आते ही मुख्यमंत्री ने अवैध ढांचे को तुरंत ध्वस्त करने का आदेश दिया। मौके पर तनाव को देखते हुए पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी तैनाती की गई है।

**अवैध कारखानों की बिजली-पानी काटने का आदेश**

मुख्यमंत्री ने जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि तिलजला स्थित यह फैक्ट्री पूरी तरह अवैध थी। इसके पास न तो स्वीकृत भवन प्लान था और न ही अग्नि सुरक्षा या बिजली के बुनियादी मानक पूरे थे। मुख्यमंत्री ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) और पुलिस को निर्देश दिया है कि 24 घंटे के भीतर इस अवैध ढांचे को ध्वस्त किया जाए। साथ ही, फैक्ट्री मालिक जफर निसाद सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति कंपनी सीईएससी को निर्देश दिया है कि वे तिलजला, कसबा, मोमिनपुर और एकबालपुर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में अवैध फैक्ट्रियों का आडिट करें। जिन फैक्ट्रियों के पास स्वीकृत बिल्डिंग प्लान नहीं है, उनकी बिजली स्थाई रूप से काट दी जाएगी। कोलकाता नगर निगम को भी ऐसी इकाइयों की जलापूर्ति रोकने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं, वे अभी सतर्क हो जाएं और सुधर जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई तय है।

**फैक्ट्री मालिक समेत दो गिरफ्तार**

तिलजला इलाके में हुए भीषण अग्निकांड के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री मालिक जाफर निशाद और मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी बुधवार की सुबह उस समय की गई जब जांच रिपोर्ट पेश होने से पहले ही प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है।

## आज जारी होगा पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक का रिजल्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद कल आज पश्चिम बंगाल हायर सेकेंडरी रिजल्ट 2026 जारी करेगा। पश्चिम बंगाल कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए छात्र आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट ऑनलाइन चेक कर सकेंगे। बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम की घोषणा सबसे पहले सुबह 10:30 बजे आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए की जाएगी। इसके बाद, छात्र सुबह 11 बजे से अपने व्यक्तिगत मार्कशीट ऑनलाइन डाउनलोड कर पाएंगे। रिजल्ट ऑनलाइन मोड में जारी किया जाएगा। छात्रों को अपना रोल नंबर दर्ज करके स्कोरकार्ड एक्सेस करना होगा।

## अमूल, मदर डेयरी का दूध दो रुपये लीटर महंगा, आज से लागू होंगे नए दाम

**नयी दिल्ली :** देश की प्रमुख दूध और दुध उत्पाद कंपनियों अमूल और मदर डेयरी ने बुधवार को दूध की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दीं। इससे महंगाई का दबाव और बढ़ गया है, जो पहले से ही युद्ध के कारण बढ़ा हुआ था और इससे घरों का बजट भी प्रभावित होगा। यह मूल्यवृद्धि 14 मई से लागू होगी। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ , जो अमूल ब्रांड के तहत दूध और दूध उत्पादों की बिक्री करता है, ने एक बयान में कहा कि उसने ''पूरे भारत में दूध के विभिन्न पैक के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।'' वहीं मदर डेयरी ने कहा कि उसने अपने दूध की विभिन्न किस्मों की उपभोक्ता कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है, जो बृहस्पतिवार से प्रभावी होगी। जीसीएमएमएफ द्वारा पिछली मूल्य वृद्धि एक मई, 2025 को की गई थी, जबकि मदर डेयरी ने अप्रैल, 2025 में कीमतें बढ़ाई थीं। भारत के दो सबसे बड़े संगठित दूध विक्रेताओं द्वारा की गई इस मूल्य वृद्धि से खाद्य महंगाई और बढ़ेगी, जो हाल के सप्ताह में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पहले ही बढ़ चुकी है।

## संकट के बीच राहत: होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़ा 15वां एलपीजी

### टैंकर एमवी सनशाइन, भारतीय नौसेना बनी सुरक्षा कवच

**नयी दिल्ली :** फारस की खाड़ी से भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी टैंकर एमवी सनशाइन सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है और अब भारत की ओर बढ़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, जहाज की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना सहित कई एजेंसियां लगातार सहयोग कर रही हैं। जानकारी के अनुसार, यह भारत के लिए रवाना होने वाला 15वां एलपी-जी जहाज है जिसे फारस की खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित निकाला गया है। मौजूदा क्षेत्रीय तनाव के बीच इस अभियान को काफी अहम माना जा रहा है।

## विदेशी मुद्रा बचाने के लिए सरकार ने सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव के मद्देनजर गैर-आवश्यक आयात पर रोक लगाने के लिए सोने और चांदी पर आयात शुल्क बुधवार को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। यह 13 मई से प्रभावी माना जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में सोने व चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत बढ़कर 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इससे कुल आयात में इनकी हिस्सेदारी 11.8 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई। इस बीच, आभूषण खुदरा कंपनी सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) **सुवंकर सेन** ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट बने रहने तक आयात शुल्क अधिक रहेगा। साथ ही, जब तक कच्चे तेल की आपूर्ति श्रृंखला स्थिर नहीं होती, कच्चे तेल की कीमतें भी ऊंची बनी रहेंगी।

## शुभेंदु सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई कार्रवाई के लिए दी मंजूरी

### शिक्षक, नगरपालिका, सहकारी घोटालों की होगी जांच



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने स्कूलों और नगर निकायों में भर्तियों से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सीबीआई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगा। इस दिन, 'नवान्न' स्थित राज्य सचिवालय में प्रेसवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछली सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से जुड़े चार मामलों में लगभग चार वर्षों से सीबीआई को कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने चार वर्षों से सीबीआई के चार मामलों को रोक रखा था। कानून के अनुसार, सीबीआई या किसी अन्य जांच एजेंसी को भ्रष्टाचार के आरोपी सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने, अभियोजन या कार्रवाई शुरू करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेना आवश्यक है। उन्होंने दावा किया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भ्रष्ट नौकरशाहों और अधिकारियों को बचाने के लिए जानबूझकर अनुमति प्रदान नहीं की थी। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हमने अब तीन विभागों में भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई को आवश्यक मंजूरी दे दी है। मंजूरी की प्रतियां पहले ही एजेंसी को भेज दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनता की भारी उम्मीदों के साथ सत्ता में आई है। हमने चुनाव में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' का वादा किया था और अब उसे निभा रहे हैं। सीबीआई अब इन अधिकारियों के खिलाफ नए सिरे से एफआइआर दर्ज कर सकेगी और जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारियां भी की जाएंगी।

### अवैध टोल और ड्रॉप गेट तत्काल बंद करने का आदेश

**मुख्य सचिव ने कल तक जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट**

राज्य के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सत्ता संभालने के बाद लगातार ताबड़तोड़ फैसले कर रहे हैं। इसी कड़ी में, बुधवार को सरकार ने राज्यभर में तृणमूल कांग्रेस की पिछली सरकार के दौरान सक्रिय सभी अनधिकृत टोल गेटों और ड्रॉप गेटों को तत्काल बंद करने का आदेश जारी किया है। राज्य के सभी जिलों में स्थित वे सभी टोल गेट, ड्रॉप गेट, बैरिकेड वाले ढांचे और चालू टोल संग्रह केंद्र, जहां से वाहनों का आवागमन होता है और जिन्हें पश्चिम बंगाल सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत अनुमोदित/अधिकृत नहीं किया गया है, तत्काल प्रभाव से बंद किए जाएंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा जारी आदेश में यह कहा गया है। आदेश में जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में स्थित ऐसे अनधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की पहचान करें, उन्हें तुरंत हटवाएं और उचित प्राधिकरण के बिना उनकी पुनः स्थापना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। मुख्य सचिव के आदेश में कहा गया है कि ऐसे अनधिकृत केंद्रों पर किसी भी प्रकार का शुल्क, प्रभार या कर तत्काल प्रभाव से बंद किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेटों को यह भी सलाह दी गई है कि वे टोल वसूलने के लिए वैध अधिकार प्राप्त सभी अधिकृत टोल संग्रह केंद्रों की सूची तुरंत प्राप्त करें। कानूनी और अवैध दोनों ही तरह के अधिकृत टोल वसूलने के बिंदुओं की एक सूची तैयार करके 15 मई को दोपहर 12 बजे तक अवर सचिव को अवश्य प्रस्तुत की जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए, अन्यथा जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## नीट पेपर लीक : सीबीआई ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया

### देशभर में कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने जयपुर से तीन, गुरुग्राम से एक और नासिक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि कई अन्य संदिग्धों से विभिन्न शहरों में पूछताछ की जा रही है और उन्हें बाद में गिरफ्तार किया जा सकता है। गिरफ्तार किए गए लोगों में नासिक के 30 वर्षीय शुभम खैरनार को आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है, क्योंकि स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत ने सीबीआई को उसके लिए 'ट्रांजिट रिमांड' मंजूर कर ली है। राजस्थान पुलिस के अनुरोध पर नासिक पुलिस ने मंगलवार को खैरनार को हिरासत में लिया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जांच का जिम्मा संभालने के बाद सीबीआई देशभर में मिले नए सुरागों के आधार पर कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने संदिग्धों से मोबाइल फोन और लैपटॉप सहित कई डिजिटल उपकरण जब्त किए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा ताकि उन मैसेजिंग ऐप का पता लगाया जा सके जिनका इस्तेमाल प्रश्न पत्रों को भेजने के लिए किया गया हो। एजेंसी सूत्रों के अनुसार, सीबीआई राजस्थान के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ समन्वय कर रही है, जिसने इस मामले में प्रारंभिक जांच की थी। एक अधिकारी ने कहा, ''सीबीआई व्यापक तकनीकी और फॉरेंसिक विश्लेषण के माध्यम से कथित पेपर लीक से संबंधित सभी सुरागों का पता लगा रही है और इस मामले में एक व्यापक, निष्पक्ष और पेशेवर जांच करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' सीबीआई की टीम ने बुधवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मुख्यालय का दौरा किया जहां उसने नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित दस्तावेज एकत्र किए।



नीट-यूजी परीक्षा रद्द होने के खिलाफ दिल्ली में एनटीए के कार्यालय के बाहर एबीवीपी का प्रदर्शन

## बंगाल में पशु वध को लेकर सख्त गाइडलाइन जारी, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में नवगठित भाजपा सरकार ने राज्य भर में अवैध और अनियमित पशु वधशालाओं पर व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है। सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सरकार ने पशु बलि और विशेष रूप से गौ-वंश की हत्या को लेकर बेहद सख्त निर्देश जारी किया है। सरकार ने पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कोई भी व्यक्ति बैल, बछड़ा, गाय, नर और मादा भैंस, भैंस के बछड़े और बधिया भैंस का वध तब तक नहीं करेगा, जब तक कि उसे इस संबंध में यह प्रमाण पत्र प्राप्त न हो जाए कि पशु वध के लिए उपयुक्त है। वहीं, नगरपालिका के अध्यक्ष या पंचायत समिति के सभापति और एक सरकारी पशु चिकित्सक किसी पशु के वध के लिए उपयुक्त होने के संबंध में संयुक्त प्रमाण पत्र जारी कर सकते हैं, यदि दोनों लिखित रूप में सहमति जताएं कि पशु काम करने, 14 वर्ष से अधिक आयु, चोट, विकृति या किसी असाध्य रोग के कारण स्थायी रूप से अक्षम हो गया है। आदेश में आगे कहा गया है कि यदि ऐसा प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार किया जाता है तो पीड़ित व्यक्ति इनकार की सूचना प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार के समक्ष अपील कर सकता है। सरकार ने अपने आदेश में कहा कि जिस पशु के संबंध में प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उसका वध केवल नगर निगम के वधगृह या स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित किसी अन्य वधगृह में ही किया जाएगा। जिन पशुओं के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया है, उनका वध किसी भी खुले सार्वजनिक स्थान पर करना वर्जित होगा। पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 के प्रावधानों को लागू करने के लिए नगरपालिका के अध्यक्ष, पंचायत समिति के सभापति या सरकारी पशु चिकित्सक द्वारा अधिकृत व्यक्ति द्वारा किसी भी परिसर के निरीक्षण का कोई भी व्यक्ति विरोध नहीं करेगा। जो कोई भी उपरोक्त किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है, उसे छह महीने तक के कारावास या 1,000 रुपए तक के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जाएगा। सन् 1950 अधिनियम के अंतर्गत सभी अपराध संज्ञेय होंगे।

## प्रधानमंत्री ने अपने काफिले के वाहनों की संख्या कम की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल में कमी लाने और मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील करने के कुछ दिन बाद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है। उनके आह्वान के बाद भाजपा-शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य नेताओं ने भी इसी तरह का कदम उठाया है और अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या में कटौती की है। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री की हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान उनके काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम की गई। हालांकि, विशेष सुरक्षा समूह (एसप-ीजी) के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों को बरकरार रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद में रविवार को मितव्ययिता उपायों के संबंध में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में कारों की संख्या को कम कर दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने, जहां भी संभव हो, अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इसके लिए नए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने से मना किया है। इस बीच, प्रधानमंत्री ने आज अपनी अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मंत्रियों से कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर उन्हें लागत में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और संसाधन खर्च में समझदारी से कमी लानी चाहिए।

**प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल सहकर्मियों से सोच-समझकर खर्च करने, ईंधन व्यय कम करने का आग्रह किया**

आयात खर्च घटाने के लिए पेट्रोलियम पदार्थों का उपयोग कम करने, सोने की खरीद बंद करने और अन्य उपायों के लिए जनता से की गई अपील के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल सहकर्मियों से पेट्रोलियम पदार्थों सहित अनावश्यक खर्चों में कटौती करने का आग्रह किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने अपनी अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मंत्रियों से कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर उन्हें लागत में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और संसाधन खर्च में समझदारी से कमी लानी चाहिए। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से अपने काफिले के आकार और विदेश यात्राओं में कटौती करने का भी आग्रह किया, जिसके बाद कई मंत्रियों ने इस संबंध में कदम उठाने की घोषणा की।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



# शिक्षक भर्ती घोटाला : दागी शिक्षकों को मिला वेतन वसूलेगा विभाग, डीएम को सूची तैयार करने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के शिक्षा विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र जारी कर उन्हें अपने-अपने जिलों में दागी उम्मीदवारों की सूची संकलित करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने विभिन्न स्तरों पर नकद रिश्वत लेकर शिक्षण और गैर-शिक्षण पद प्राप्त किए हैं। विभाग के सूत्रों के अनुसार, ऐसे दागी उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के अलावा, जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) को यह गणना करने के लिए भी कहा गया है कि इन उम्मीदवारों को अपनी सेवा अवधि के दौरान प्राप्त वेतन और उस पर अर्जित ब्याज के रूप में राज्य सरकार को कितनी राशि वापस करनी होगी। दागी उम्मीदवारों की पहचान उन लोगों के रूप में की गई है जिन्होंने नकद भुगतान करके भर्ती परीक्षाओं में खाली या अधूरी उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने के बाद या रैंक में ऊपर चढ़कर या पैनल से बाहर नामांकन के माध्यम से स्कूलों में नौकरी हासिल की। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2024 में और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने



2025 में भर्ती प्रक्रिया में घोर अनियमितताओं के कारण पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग द्वारा गठित लगभग 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की पूरी सूची को रद्द कर दिया था। फैसला सुनाते हुए, कलकत्ता उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय दोनों ने दागी उम्मीदवारों को दिए गए वेतन की ब्याज सहित वसूली का निर्देश दिया था। वसूली का काम लंबे समय से लंबित था। अब राज्य प्रशासन के उच्च अधिकारियों के निर्देशों के बाद राज्य शिक्षा विभाग ने वसूली का काम शुरू कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेटों को भेजे गए पत्रों में यह उल्लेख किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 3 अप्रैल, 2025 को आदेश दिया था कि 2016 के डब्ल्यूबीएसएससी पैनल में पैसे के बदले रोजगार प्राप्त करने वाले अपात्र शिक्षकों को अपना वेतन वापस करना होगा। इस मुद्दे की पूर्व उपेक्षा के कारण, राज्य सरकार ने अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को लागू करने और प्रक्रिया को यथाशीघ्र आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। कुछ साल पहले जब अयोग्य शिक्षकों की सूची सार्वजनिक की गई थी, तब यह देखा गया था कि उसमें तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के कई रिश्तेदारों और करीबी सहयोगियों के नाम शामिल थे।

## सरकारी स्कूलों की गर्मियों की छुट्टियां 31 मई तक बढ़ा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए बुधवार को राज्य भर के सभी सरकारी स्कूलों में जारी गर्मियों की छुट्टियां को 31 मई तक बढ़ा दिया है। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह निर्णय स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लिया गया है और यह प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक संस्थानों पर लागू होगा। हालांकि यह पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित स्कूलों पर लागू नहीं होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 11 मई से शुरू हुई गर्मियों की छुट्टियां अब कुल 21 दिनों तक रहेंगी और स्कूल एक जून को फिर से खुलेंगे। अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से पहले के शैक्षणिक कैलेंडर में बदलाव किया गया है, जिसमें गर्मियों की छुट्टियों को काफी छोटा करने का प्रस्ताव था, लेकिन कई जिलों में तापमान में अचानक वृद्धि के बाद इसमें बदलाव किया गया। अधिकारी ने कहा कि छुट्टियां आगे बढ़ाने का उद्देश्य खराब मौसम की स्थिति में छात्रों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करना है। यह आदेश सभी सरकारी और सरकार द्वारा समर्थित संस्थानों पर बाध्यकारी है, निजी स्कूल अलग कार्यक्रम का पालन कर सकते हैं।

## जादवपुर यूनिवर्सिटी के 'लाल किले' में हुई आरएसएस की ड्रिल, कर्मचारियों ने लिया हिस्सा




**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित पश्चिम बंगाल विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के सदस्यों ने जादवपुर विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान में अभ्यास किया और 'शाखा' लगाई। कर्मचारी परिषद के सचिव पलाश माजी ने कहा कि मंगलवार सुबह साढे. छह बजे से अभ्यास और बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। उन्होंने घोषणा की कि परिसर को 'पुनः राष्ट्रीयकृत' किया जाएगा और 'माओवादी प्रभाव से मुक्त' किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को संघ समर्थक कर्मचारियों ने एक रैली निकाली जिसमें उन्होंने भगवा झंडे लेकर कला-विज्ञान चौराहे से अरबिंदो भवन तक नारे लगाते हुए मार्च किया। माजी ने दावा किया कि विश्वविद्यालय, जो पारंपरिक रूप से वामपंथी छात्र राजनीति और सक्रियता के लिए जाना जाता है, अब परिसर में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने आपत्तिजनक भित्तिचित्रों और दीवार पर लिखे लेखों को हटाने की योजना की भी घोषणा की और कहा कि दैनिक शाखा में शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्रों और कर्मचारियों के बीच राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैचारिक चर्चाएं भी होंगी। इस बीच, विश्वविद्यालय ने बुधवार को केंद्र की 'पीएम-श्री' योजना के तहत नवाचार और उद्यमिता पर तीन दिवसीय मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किया, जो 15 मई तक होगा।

## कोलकाता पुलिस ने जारी किए सख्त निर्देश, दक्षता बढ़ाने को हर 15 दिन पर होगी 'मास्टर परेड'

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर में कानून-व्यवस्था संभालने की क्षमता को और मजबूत करने के उद्देश्य से कोलकाता पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पुलिस कर्मियों के बीच अनुशासन, समन्वय और टीम भावना बढ़ाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस आयुक्त अजय नंद की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, अब शहर के प्रत्येक पुलिस डिवीजन में हर 15 दिन पर नियमित रूप से 'मास्टर परेड' आयोजित की जाएगी। इसके साथ विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी अनिवार्य किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल के दिनों में विभिन्न कानून-व्यवस्था संबंधी परिस्थितियों, प्रदर्शन, जुलूस और भीड़ नियंत्रण के दौरान कई पुलिस कर्मियों, विशेषकर गैर-हथियारबंद शाखा के कर्मियों के बीच समुचित समन्वय की कमी देखी गई थी। कुछ मामलों में त्वरित निर्णय लेने, टीम के साथ काम करने और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी आवश्यक दक्षता की भी कमी सामने आई। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे पुलिस बल को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। नए दिशा-निर्देशों के तहत प्रत्येक डिवीजन में हर 15 दिन में एक बार 'मास्टर परेड' आयोजित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा 'क्राउड मैनेजमेंट', 'टीम बिल्डिंग' और कानून-व्यवस्था प्रबंधन की तकनीकों पर विशेष प्रशिक्षण शिविर भी लगाए जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कांस्टेबल से लेकर सभी रैंक के पुलिस कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक डिवीजन में एक विशेष रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें प्रशिक्षण में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा हर महीने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट संयुक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) को सौंपनी होगी।

पुलिस विभाग के एक वर्ग के अनुसार शहर में राजनीतिक कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों, सड़क अवरोध, विरोध प्रदर्शन और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी घटनाओं में पहले की तुलना में वृद्धि हुई है। ऐसे में केवल हथियार संचालन ही नहीं, बल्कि स्थिति को समझने, त्वरित कार्रवाई करने, जनता की मनः स्थिति का आकलन करने और सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर काम करने की क्षमता भी बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। इसी उद्देश्य से यह नया प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का दावा है कि इस पहल से पुलिस बल के भीतर अनुशासन और कार्यकुशलता मजबूत होगी। साथ ही, मैदानी स्तर पर काम करने वाले पुलिसकर्मियों का आत्मविश्वास और मानसिक तैयारी भी बेहतर होगी। सूत्रों के अनुसार, आदेश लागू होने के बाद शहर के विभिन्न डिवीजनों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है और जल्द ही सभी इकाइयों में नए नियमों के तहत परेड और प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा।

## मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष टूटू बोस का निधन, मुख्यमंत्री शुभेंदु ने दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस, जिन्हें कोलकाता के फुटबाल हलकों में प्यार से 'टूटू बाबू' कहा जाता था, का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। भारतीय फुटबाल प्रशासन के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक बोस का कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यहां के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 11.45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस को मैदान क्षेत्र में स्थित क्लब में अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। विधानसभा में शपथ लेने के तुरंत बाद शुभेंदु मोहन बागान क्लब के तंबू में पहुंचे और



बोस को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं राज्य सरकार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मोहन बागान क्लब के तंबू पहुंचा। खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अधिकारियों और राज्य के कई मंत्रियों ने बोस के परिजनों और प्रशंसकों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि बोस ने मोहन बागान को देश का सर्वश्रेष्ठ क्लब बनाने में अहम भूमिका निभाई। वह लगभग तीन दशक तक इस फुटबॉल क्लब से जुड़े रहे और इस बीच उन्होंने सचिव और अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर काम किया।

## केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल ने कोलकाता में शुरू किया अत्याधुनिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से लैस नया केंद्र





**कोलकाता, समाज्ञा :** केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अपने नए और विस्तारित केंद्र की शुरुआत की है। संस्था पिछले 13 वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को दूर करने की दिशा में कार्य कर रही है। संस्था द्वारा जारी मानसिक स्वास्थ्य फैक्ट शीट के अनुसार विश्वभर में एक अरब से अधिक लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, जबकि भारत में लगभग 15 प्रतिशत वयस्कों को सक्रिय मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत में प्रति एक लाख आबादी पर केवल 0.75 मनोचिकित्सक उपलब्ध हैं, जबकि डबल्यूएचओ का मानक न्यूनतम तीन विशेषज्ञों का है। संस्था ने अपने नए 40 हजार वर्गफुट के सात मंजिला परिसर में क्लीनिकल, अकाडेमिया, आउटरीच एंड अवेयरनेस तथा 'रेकोवरी 360' विंग की शुरुआत की है। यहां मनोवैज्ञानिक, डॉक्टर, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरेपिस्ट और फिजियोथेरेपी विश-षज्ञों सहित 40 से अधिक चिकित्सक सेवाएं देंगे। संस्था ने कहा कि उसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को सामान्य बातचीत का हिस्सा बनाना और बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। संस्था ने यह भी स्पष्ट किया कि आई कैन फ्लाई इंटरनेशनल विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए एक स्कूल है, जबकि केयरिंग माइंड्स इंटरनेशनल सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक के रूप में कार्य करता है।

## पूर्व रेलवे की नई पहल, शिकायत के 30 मिनट के अंदर होगी सफाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को स्वच्छ और बेहतर रेल परिसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्पॉट इट, रिपोर्ट इट, वी आर ऑन इट अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत रेलवे ने यात्रियों से वादा किया है कि स्टेशन परिसर में गंदगी की सूचना मिलने के 30 मिनट के अंदर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, 15 अप्रैल से 14 मई 2026 तक चलाए गए स्वच्छता जागरूकता अभियान की सफलता के बाद अब इसका दूसरा चरण 16 मई से 30 मई 2026 तक चलाया जाएगा। इस चरण में यात्रियों को स्टेशन परिसर में दिखाई देने वाली गंदगी की तस्वीर लेकर संबंधित मंडल - सियालदह, हावड़ा, मालदह या आसनसोल - के आधिकारिक एक्स हैंडल जैसे डीआरएमहावड़ा, डीआरएमएसडीएएच, डीआरएममालदह और डीआरएमआसनसोल पर ईआरचैलेंज हैशटैग के साथ पोस्ट करनी होगी। शिकायत फेसबुक अकाउंट या रेल मदद प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी दर्ज कराई जा सकेगी।महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने कहा कि रेलवे तकनीक और समर्पित कार्यबल के सहयोग से यात्रियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि चारों मंडल और सभी विभाग 24 घंटे निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए तैयार हैं। वहीं, सीपीआरओ शिबराम माझी ने यात्रियों से रेलवे परिसरों को अपना घर समझकर स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेलवे परिसर में गंदगी फैलाना और थूकना रेलवे अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है, जिसके लिए 500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## आईकू नियो 10 नए रंगों में लॉन्च, 5 मई से बिक्री शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अपने लोकप्रिय स्मार्टफोन आईकू नियो 10 के दो नए रंग-अल्पाइन व्हाइट और एस्फाल्ट ब्लैक-लॉन्च किए हैं। दोनों वेरिएंट 5 मई से आईकू डॉट इन और अमेज़न डॉट इन पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। 8 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट की कीमत 37,999 रुपये, जबकि 12 जीबी + 256 जीबी वेरिएंट की कीमत 42,999 रुपये रखी गई है। प्रभावी शुरुआती कीमत 34,999 रुपये होगी। स्मार्टफोन में स्नैपड्रैगन 8एस जेन 4 प्रोसेसर, सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू1, 144 एफपीएस गेमिंग सपोर्ट और 6.78 इंच की 1.5के एमोलेड डिस्प्ले दी गई है। इसमें 50 मेगापिक्सल सोनी ओआईएस कैमरा, 32 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरा और उन्नत वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम मौजूद है। यह स्मार्टफोन ओरिजिन ओएस 6 और एंड्रॉयड 16 पर आधारित है तथा इसका निर्माण वीवो की ग्रेटर नोएडा यूनिट में किया जा रहा है।

## खादीम ने 260 स्टोर्स को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए फाइंड के साथ रिटेल साझेदारी बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** खादीम इंडिया लिमिटेड ने अपने 260 स्टोर्स के नेटवर्क को सशक्त बनाने के लिए एआई -नेटिव रिटेल टेक्नोलॉजी कंपनी फाइंड के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत किया है। इस साझेदारी के तहत खादीम ने अपने सभी स्टोर्स को फाइंड के स्टोर ओएस प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट कर लिया है, जिससे स्टोर संचालन, सीआरएम सपोर्ट और मार्केटप्लेस कॉमर्स को एकीकृत ओम्नीचैनल सिस्टम में जोड़ा गया है। अगस्त 2022 में शुरू हुई यह साझेदारी अब पूर्ण विस्तार के चरण में पहुंच चुकी है। इसके माध्यम से खादीम की टीम अब स्टोर प्रोफाइल, कर्मचारी प्रबंधन, ऑफर्स, डिस्काउंट और अन्य ऑपरेशनल कॉन्फ़िगरेशन को स्वयं नियंत्रित कर सकेगी। साथ ही, आरएमएस सिस्टम इंटीग्रेशन से ऑर्डर प्रोसेसिंग, इनवॉइस अपडेट और ट्रैकिंग प्रक्रिया अधिक सुचारु हुई है। कंपनी ने स्टोर अपनाने को बेहतर बनाने के लिए नियमित प्रशिक्षण, परफॉर्मेंस रिव्यू और स्टोर-स्तरीय मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की है। खादीम के अधिकारियों के अनुसार यह प्लेटफॉर्म उनके दैनिक कार्यों को सरल और अधिक कुशल बना रहा है। आगे चलकर यह सहयोग ऑटोमेशन, वेयरहाउस डिस्प्यूट समाधान और सेंट्रल सपोर्ट सिस्टम को और मजबूत करेगा, जिससे खादीम एक अधिक आत्मनिर्भर ओम्नीचैनल ब्रांड के रूप में विकसित हो सकेगा।

## सही तकनीक और बेहतर मटेरियल वाला एसी इस गर्मी बिजली बिल में बचत बढ़ाएगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** गर्मी बढ़ने के साथ एयर कंडीशनर की मांग में तेजी आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि एसी खरीदते समय केवल कीमत या ब्रांड नहीं, बल्कि स्टार रेटिंग, निर्माण वर्ष और आईएसईईआर (इंडियन सीजनल एनर्जी एफिशिएंसी रेशियो) वैल्यू की जांच करना भी जरूरी है। सही ऊर्जा दक्ष एसी बिजली बिल में बड़ी बचत कर सकता है। ब्यूरो ऑफ एनेर्जी एफेशियेंसी ने 1 जनवरी 2026 से एयर कंडीशनर्स के लिए नए स्टार रेटिंग मानदंड लागू किए हैं। नए नियमों के तहत 2026 में निर्मित 5-स्टार स्प्लिट एसी की आईएसईईआर वैल्यू 5.6 और विंडो एसी की 3.7 निर्धारित की गई है, जिससे ये पुराने मॉडलों की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक ऊर्जा दक्ष बन गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार कॉपर हीट एक्सचेंजर्स वाले एसी बेहतर कूलिंग, कम बिजली खपत और लंबी उम्र प्रदान करते हैं। वहीं, ऊर्जा दक्ष उपकरण न केवल उपभोक्ताओं की बचत बढ़ाते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को जामुई स्टेशन पर मिला नया ठहराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को बिहार के जामुई स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने का निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था 15 मई 2026 से प्रभावी होगी। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 22347 हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 15 मई से अपनी यात्रा के दौरान जामुई स्टेशन पर रात 8:05 बजे पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद रात 8:07 बजे प्रस्थान करेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस जामुई स्टेशन पर सुबह 9:49 बजे पहुंचेगी तथा सुबह 9:51 बजे वहां से रवाना होगी। इस अतिरिक्त ठहराव से जामुई और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को हावड़ा और पटना के बीच बेहतर और तेज रेल संपर्क का लाभ मिलेगा। साथ ही यात्रियों को आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा तक अधिक सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध हो सकेगी।

## तृणमूल कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में दो गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** भद्रेश्वर शहर में तृणमूल कांग्रेस कार्यालय के पास तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में पुलिस ने दो लोगौं को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि देर रात बदमाशों ने इलाके में जमकर तांडव मचाया। जानकारी के अनुसार, बीती रात भद्रेश्वर नगरपालिका के चेयरमैन प्रलय चक्रवर्ती के इलाके पालबागान स्थित तृणमूल के एक कार्यालय पर हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने कार्यालय के पास शेड के नीचे रखी कुर्सियां और पंखे तोड़ दिए तथा वहां आग लगा दी। घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर आरोप लगाया है। हालांकि, चंदननगर से भाजपा विधायक दीपांजन गुहा ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि इस घटना में शामिल लोगौं का भाजपा से कोई संबंध नहीं है। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुराने विवाद का परिणाम हो सकती है। हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों ने एसएससीई-2026 में शानदार प्रदर्शन से बढ़ाया स्कूल का गौरव



कुशाग्र गुप्ता



नमाश्री मजूमदार



अदिति कुमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क ने एसएससीई 2026 परीक्षा में अपने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा की है। स्कूल के छात्रों ने विभिन्न स्ट्रीम में शानदार परिणाम हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल के 259 विद्यार्थियों ने कुल अंकों में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जो कुल छात्रों का 30.12 प्रतिशत है। वहीं, 652 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए, जो कुल छात्रों का 75.81 प्रतिशत है। कॉमर्स स्ट्रीम के छात्र कुशाग्र गुप्ता ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। ह्यूमैनिटीज की छात्रा नमाश्री मजूमदार 98 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अदिति कुमारी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। साइंस स्ट्रीम में स्वर्णदीप्ता पाल ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, सौमिली मजूमदार, श्रीदात्री साधु और तमाली पॉल ने 97.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। कॉमर्स स्ट्रीम के अनिरुद्ध सक्सेना और वैभव प्रसाद तथा ह्यूमैनिटीज की अग्निमित्रा सरकार ने भी 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## शिव मंदिर जीर्णोद्धार धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन कलश यात्रा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा मैदान में न्यू सील लेन में शिव मंदिर जीर्णोद्धार धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इसमें मंदिर की महिला मंडली की कार्यकताओं ने भाग लिय। इसका आयोजन युग निर्माण योजना शक्ति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में किया गया। साथ ही, गायत्री परिवार द्वारा दीपयज्ञ सायं 4 बजे से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर इलाके के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## उत्तम कुमार की अमर विरासत को समर्पित 'हेरिटेज अकादमी फिल्म फेस्टिवल 2026' का सफल समापन

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'हेरिटेज अकादमी फिल्म फेस्टिवल 2026' का 13 मई 2026 को सफल समापन हुआ। इस फिल्म महोत्सव ने सिनेमा प्रेमियों, छात्रों, शिक्षाविदों, फिल्म निर्माताओं और रचनात्मक पेशेवरों को एक मंच पर लाकर कहानी कहने की कला, फिल्म निर्माण, फैशन और सिनेमाई उत्कृष्टता का जीवंत उत्सव प्रस्तुत किया। महोत्सव की शुरुआत प्रख्यात लेखक और पत्रकार शंकरलाल भट्टाचार्य तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उद्घाटन सत्र में द हेरिटेज अकादमी के प्राचार्य प्रो. डॉ. गौर बनर्जी, द हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य एवं कल्याण भारती ट्रस्ट के वरिष्ठ निदेशक प्रो. डॉ. बासब चौधरी तथा



द हेरिटेज अकादमी के मीडिया साइंस विभाग की डीन प्रो. डॉ. मधुपा बक्शी उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के पहले दिन का मुख्य आकर्षण 100 इयर्स ऑफ उत्तम कुमार विषय पर आयोजित विशेष सत्र रहा, जिसे शंकर्लाल भट्टाचार्य ने संबोधित किया। इस सत्र का संचालन छात्र प्रतिनिधि सुचेतना बनर्जी ने किया। पहले दिन नायक फिल्म रील मेकिंग प्रतियोगिता, समाधान फिल्म क्विज़ तथा छद्मबेशी फिक्शन फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और सिनेमाई समझ देखने को मिली।

दूसरे दिन सेई चोख नॉन-फिक्शन फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता और उत्तम कलम स्क्रिप्ट राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं जात्रा होलो शुरू फैशन शो प्रतियोगिता ने महोत्सव में आकर्षण और कलात्मक रंग भर दिए। महोत्सव का सबसे यादगार क्षण प्रसिद्ध अभिनेत्री मुनमुन सेन और चर्चित अभिनेत्री, नृत्यांगना, कोरियोग्राफर एवं समाजसेवी आलोकानंदा रॉय के साथ आयोजित संवाद सत्र रहा। मासूम सेनगुप्ता द्वारा संचालित इस सत्र में छात्रों को सिनेमा, रचनात्मकता, अनुशासन और कला के सामाजिक प्रभाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और मानवीय भावनाओं का सशक्त प्रतिबिंब है। 'हेरिटेज अकादमी फिल्म फेस्टिवल 2026' और उत्तम कुमार के 100 वर्षों के उत्सव के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवाओं को कहानी कहने की इस अमर विरासत से प्रेरित करना और उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। छात्रों में दिखाई देने वाला उत्साह, प्रतिभा और कलात्मक जुनून अत्यंत प्रेरणादायक है।

## चिंगड़ीघाटा में 60 घंटे का ट्रैफिक डायवर्जन, मेट्रो कार्य के लिए ईएम बाइपास आंशिक रूप से बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने ऑरेंज लाइन मेट्रो परियोजना के तहत चिंगड़ीघाटा जंक्शन पर सेगमेंट लॉन्चिंग कार्य को लेकर ईएम बाइपास क्षेत्र में विशेष ट्रैफिक डायवर्जन और आंशिक सड़क बंदी की घोषणा की है। यह व्यवस्था सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की जा रही है। पुलिस आयुक्त अजय नंद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आरवीएनएल लिमिटेड द्वारा पियर संख्या पी317-पी318 और पी318-पी319 के बीच सेगमेंट लॉन्चिंग कार्य किया जाएगा। इसके लिए ईएम बाइपास के कुछ हिस्सों को चरणबद्ध तरीके से बंद रखा जाएगा। पहले चरण में 15 मई 2026 रात 8 बजे से 18 मई सुबह 8 बजे तक उत्तरमुखी (नॉर्थ बाउंड) यातायात के लिए चिंगड़ीघाटा फ्लाईओवर के नीचे ईएम बाइपास का पश्चिमी हिस्सा बंद रहेगा। इस दौरान साल्ट लेक और एयरपोर्ट की ओर जाने वाले सभी वाहनों को एनएक्स होटल के सामने से नव निर्मित डायवर्जन रोड के जरिए चिंगड़ीघाटा की ओर मोड़ा जाएगा। दक्षिणमुखी वाहन सामान्य मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। दूसरे चरण में 22 मई रात 8 बजे से 25 मई सुबह 8 बजे तक दक्षिणमुखी (साउथ बाउंड) यातायात के लिए ईएम बाइपास का पूर्वी हिस्सा बंद रहेगा। इस दौरान दक्षिण की ओर जाने वाले वाहनों को पश्चिमी फ्लैंक की ओर डायवर्ट किया जाएगा। साल्ट लेक और न्यू टाउन से आने वाले वाहनों के लिए विशेष यू-टर्न और मोड़ व्यवस्था लागू रहेगी। मेट्रोपॉलिटन क्रॉसिंग से यू-टर्न लेकर उत्तरमुखी यात्रा की अनुमति दी जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि हडको क्रॉसिंग, कांकुड़गाछी और अन्य जंक्शनों से चिंगड़ीघाटा की ओर जाने वाले दक्षिणमुखी भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त ट्रैफिक प्रतिबंध और डायवर्जन भी लागू किए जा सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट : 2018 के स्थानीय निकाय में तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या, जुलाई में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्य में 2018 के स्थानीय निकाय चुनावों के बाद कथित तौर पर मारे गए तीन भाजपा कार्यकर्ताओं से संबंधित याचिका पर जुलाई में सुनवाई का फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से मामले की स्थिति पूछी। भाटिया ने राज्य में बदली हुई परिस्थितियों का उल्लेख किया। पीठ ने भाटिया की बात पर पर्याप्त बदलाव की टिप्पणी की। भाटिया ने आगे के निर्देशों के लिए याचिका को जुलाई में सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। पीठ ने याचिका को जुलाई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए सक्रिय कदम उठाने की बात कही।

## सुप्रीम कोर्ट आई-पैक छापेमारी मामले में ईडी की याचिका पर 22 मई को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह 22 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के अन्य अधिकारियों ने आठ जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय की तलाशी के दौरान बाधा उत्पन्न की थी। यह मामला न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से मामले की सुनवाई अगले सप्ताह करने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि अदालत के आंशिक कार्य दिवसों के बाद जुलाई में मामले को सूचीबद्ध किया जा सकता है। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि इसे अगले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इस पर पर्याप्त बहस हो चुकी है। इसके बाद, उच्चतम न्यायालय ने मामले की सुनवाई 22 मई के लिए सूचीबद्ध की।

# गौ तस्करी की साजिश नाकाम : गुड़ाप में पुलिस के जाल में 2 वाहन और 5 तस्कर



**हुगली, समाज्ञा :** मंगलवार की देर रात हुगली ग्रामीण जिला पुलिस की सक्रियता से गुड़ाप थाना क्षेत्र में गौ तस्करी की एक बड़ी कोशिश विफल कर दी गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने मवेशियों से भरे दो वाहनों को जब्त किया और इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 12 और 13 मई की मध्यरात्रि को गुड़ाप थाना क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान गुप्त सूचना मिली कि अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर एनएच-19 और 23 नंबर मार्ग पर नाका चेकिंग शुरू की गई। जांच के दौरान दो संदिग्ध वाहनों को रोका गया। तलाशी लेने पर पाया गया कि दोनों वाहनों में अमानवीय परिस्थितियों में कुल 10 गायें लादी गई थीं। चालकों और खलासियों से पूछताछ में मवेशियों के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया तथा मवेशियों समेत दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है कि गायों को पूर्व बर्धमान के जमालपुर इलाके से लाया गया था। इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है। हुगली ग्रामीण जिला पुलिस और गुड़ाप थाना ने इस मामले में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। गिरफ्तार पांचों आरोपियों को आज चुचुड़ा जिला अदालत में पेश किया जाएगा। जांच अधिकारियों के मुताबिक, तस्करी गिरोह के मुख्य सरगना तक पहुंचने के लिए आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेने की मांग की जाएगी।

# हावड़ा नगर निगम पर 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय गड़बड़ी के आरोप, हाई कोर्ट पहुंचा मामला



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम में लगभग 1200 करोड़ रुपये के सरकारी फंड के उपयोग को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। इस संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता अमन श्रीवास्तव द्वारा एक जनहित याचिका (डबल्यूपीए (पी) - 481 ऑफ 2025) दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2022-23 के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत प्राप्त अनुदानों का समुचित और पारदर्शी लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। याचिकाकर्ता ने अदालत में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए दावा किया है कि केंद्रीय सरकारी ऑडिटर की जांच में यह पाया गया है कि संबंधित विभागों द्वारा ग्रांट रजिस्टर का भी उचित रखरखाव नहीं किया गया, जिससे बड़े पैमाने पर वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले से जुड़े अधिवक्ताओं श्रीजीव चक्रवर्ती, सनी नंदी और राजीव मैती ने बताया कि याचिका की सुनवाई जल्द होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि अदालत से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है, ताकि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित की जा सके। याचिका में यह भी आग्रह किया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत 2.0, सड़क निर्माण, ड्रेनेज व्यवस्था सहित अन्य प्रमुख विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। याचिकाकर्ता पक्ष का कहना है कि सार्वजनिक धन के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## वसूली के आरोप में बरानगर के तृणमूल पार्षद शांतनु मजूमदार गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बरानगर से तृणमूल कांग्रेस के पार्षद शांतनु मजूमदार उर्फ मेजो को रंगदारी और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह बरानगर नगरपालिका के वार्ड 14 के पार्षद हैं। बैरकपुर पुलिस ने बुधवार को उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बरानगर निवासी रीता राय नामक महिला ने मंगलवार को शांतनु मजूमदार के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फ्लैट में किरायेदार से जुड़े विवाद को सुलझाने के नाम पर पार्षद ने विभिन्न समय पर उनसे पैसे वसूले। महिला का आरोप है कि 2024 से 2026 के बीच शांतनु ने उनसे किस्तों में लगभग 70 हजार रुपये लिए। इसके अलावा, पार्षद पर जबरन फ्लैट में किरायेदार बैठाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत मिलने के बाद बैरकपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपित पार्षद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि शांतनु मजूमदार के खिलाफ जबरन घर में प्रवेश करने, तोलाबाजी, धमकी देने और भय दिखाने के आरोप लगाए गए हैं। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 308(5), 351(3) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आरजी कर कांड में नया मोड़ : पूर्व विधायक सहित तीन लोगों की गिरफ्तारी की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल कांड में पीड़िता के परिवार ने मामले में नया मोड़ लाते हुए पूर्व विधायक निर्मल घोष समेत तीन लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में परिवार ने बुधवार को सियालदह अदालत में याचिका दायर की। परिवार का आरोप है कि पीड़िता के शव का दूसरा पोस्टमार्टम रोका गया और बिना दस्तावेज सौंपे जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि घटना के बाद निर्मल घोष, संजीव मुखोपाध्याय और सोमनाथ दास सक्रिय हो गए थे और पूरे मामले में हस्तक्षेप किया। सीबीआई की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि जांच एजेंसी को यह तय करने का अधिकार है कि किसे गिरफ्तार किया जाए। वहीं, परिवार के वकील ने तर्क दिया कि तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जरूरी है। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने अगली तारीख पांच जून तय की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिल विवाद को लेकर कोलकाता के अस्पताल के खिलाफ आपराधिक मामला किया रद्द

**नई दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के एक अस्पताल और उसके चेयरमैन के खिलाफ दर्ज आपराधिक शिकायत रद्द कर दी और कहा कि बिल बनाने में गड़बड़ियां और सेवा से संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से दीवानी (सिविल) प्रकृति की होती हैं और इन्हें फौजदारी अपराध नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति पामिदिघंटम श्री नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने मंगलवार को दिए गए एक फैसले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2023 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि बारासात स्थित नारायण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के खिलाफ प्रथम दृष्टया फौजदारी मामला बनता है। यह मामला उस व्यक्ति द्वारा दायर शिकायत से उपजा है जिसकी मां का 2021 में अस्पताल में जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर का इलाज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अस्पताल ने जानबूझकर एचआरसीटी जांच के लिए 2,500 रुपये वसूले, जबकि वह जांच कभी की ही नहीं गई और वह समय पर चिकित्सा रिकॉर्ड उपलब्ध कराने में भी विफल रहा। एचआरसीटी (हाई-रेजोल्यूशन कंप्यूटेड टोमोग्राफी) स्कैन एक विशेष इमेजिंग जांच है जो फेफड़ों और छाती के ऊतकों की अत्यधिक विस्तृत, क्रॉस-सेक्शनल, 3डी छवियां प्रदान करता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अस्पताल के कर्मचारियों ने अनुचित व्यवहार किया और पूछताछ करने पर धमकी दी। इन आरोपों के आधार पर एक मजिस्ट्रेट अदालत ने अस्पताल, उसके चेयरमैन और कर्मचारियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और 120बी (आपराधिक साजिश) के साथ-साथ पश्चिम बंगाल क्लिनिकल प्रतिस्थापन अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी किए थे। अस्पताल ने कहा कि पहले एचआरसीटी जांच करने की बात थी, लेकिन बाद में चिकित्सकों को इसकी जरूरत नहीं लगी। अस्पताल ने कहा कि गलती का पता चलने पर एक संशोधित बिल जारी किया गया था।

उच्चतम न्यायालय ने माना कि अस्पताल के खिलाफ लगाए गए फौजदारी आरोपों के लिए आवश्यक 'बुनियादी तत्व' मौजूद नहीं थे। उसने कहा कि इस मामले में, बिल बनाने में हुई गड़बड़ी किसी धोखाधड़ी की साजिश के बजाय 'अनजाने में हुई गलती' प्रतीत होती है, खासकर इसलिए क्योंकि अस्पताल ने समय पर धन वापसी की पेशकश की थी।

## पुलिस अधिकारी शांतनु सिन्हा विश्वास की जानकारी मांगते हुए ईडी ने सुरक्षा निदेशालय को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** चर्चित 'सोना पप्पू' जमीन कब्जा और रंगदारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब कोलकाता पुलिस के अधिकारी शांतनु सिन्हा बिस्वास के खिलाफ घेराबंदी तेज कर दी है। लगातार समन जारी होने के बावजूद जांच में शामिल न होने पर ईडी ने अब सुरक्षा निदेशालय को पत्र लिखकर शांतनु की वर्तमान स्थिति और ड्यूटी का ब्योरा मांगा है। ईडी सूत्रों के अनुसार, शांतनु सिन्हा बिस्वास से बालीगंज के अपराधी सोना पप्पू के साथ संबंधों और वित्तीय लेनदेन के बारे में पूछताछ की जानी है। इससे पहले जांच एजेंसी ने उनके फर्न रोड स्थित आवास पर छापेमारी भी की थी, लेकिन वे सामने नहीं आए। केंद्रीय एजेंसी को अंदेशा है कि पुलिस अधिकारी देश छोड़कर भाग सकते हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ पहले ही लुकआउट नोटिस जारी किया जा चुका है। उनके बेटों, सायंतन और मनीष को भी समन भेजा गया था, लेकिन कोई भी कार्यालय नहीं पहुंचा। अब सुरक्षा निदेशालय को लिखे गए पत्र को एक अंतिम चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है ताकि इस पुलिस अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

## सुजाता मंडल ने छोड़ा तृणमूल, दबाव डालकर पार्टी में शामिल किए जाने का लगाया आरोप

**बांकुड़ा :** बांकुड़ा जिले में तृणमूल कांग्रेस की नेता सुजाता मंडल ने पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने बांकुड़ा जिला परिषद की मत्स्य और पशु संसाधन स्थायी समिति के कार्याध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को सुजाता मंडल ने बताया कि वह दो साल पहले ही पार्टी छोड़ना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि इसके पीछे दो कारण थे-आरजी कर अस्पताल की घटना और सड़क पर एक शिक्षक की पिटाई की घटना। सुजाता का कहना है कि वह कभी भी भाजपा छोड़कर तृणमूल में शामिल होना नहीं चाहती थीं। उनके अनुसार, कठिन समय में भी वह भाजपा के साथ थीं, लेकिन तृणमूल की ओर से उन पर और उनके परिवार पर तरह-तरह का दबाव बनाया गया था। उसी दबाव से बचने के लिए उन्हें तृणमूल में शामिल होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने साफ कहा कि अभी वह किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगी।

## शुभेंदु के पीए की हत्या से संबंधित मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची सीबीआई टीम

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को एक बार फिर उत्तर 24 परगना जिले में स्थित घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मामले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद से टीम दूसरी बार घटनास्थल पर पहुंची है। घटनास्थल पर पहुंची सीबीआई टीम के पास आधुनिक 3डी स्कैनर थे, जिससे यह पता चलता है कि मामले की तकनीकी स्तर पर जांच की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि घटनास्थल का डिजिटल मानचित्र बनाने के लिए स्कैनरों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे जांचकर्ताओं को हत्या के घटनाक्रम के बारे में जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। टीम कई घंटे घटनास्थल पर रही और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की।

# समाज्ञा हेल्थ

# गरमी के मौसम में होने वाली परेशानियां

**नरेंद्र देवांगन**

मानव के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य का वातावरण से घनिष्ठ संबंध होता है। ऋतु परिवर्तन प्राकृतिक संतुलन के लिए जरूरी है। गरम वातावरण दो प्रकार का होता है। पहला गरम शुष्क वातावरण जो मरूस्थलीय प्रदेशों या उत्तरी भारत में गरमी की शुरूआत में होता है। यहां पर तापमान 50 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ सकता है।

इस मौसम में पसीना ज्यादा आता है और तेजी से सूखता है। दूसरे प्रकार के वातावरण में तापमान 35 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड हो सकता है पर आर्द्रता 75 प्रतिशत से ज्यादा होती है। आर्द्रता के कारण पसीना आसानी से नहीं सूखता और पसीने में नमक ज्यादा मात्रा में निकलता है। इस तरह का मौसम वर्षा ऋतु में होता है।

### शारीरिक परिवर्तन:

अचानक गरम मौसम में जाने पर त्वचा की रक्तवाहिनियां फैल जाती हैं ताकि शरीर की गरमी आसानी से निकल सके। पसीना निकलना शुरू हो जाता है जिसके वाष्पीकरण से शरीर की गरमी तेजी से निकलती है। सांस तेजी से चलने लगती है। भूख कम हो जाती है। नब्ज तेजी से चलने लगती है। प्यास लगती है। पेशाब की मात्रा कम हो जाती है।

यदि आवश्यकतानुसार पानी की आपूर्ति नहीं की जाती तो शरीर में जल की कमी हो जाती है जिससे स्थिति गंभीर हो जाती है। लगातार गरम मौसम में रहने पर शरीर कुछ हद तक इसका आदी हो जाता है। पसीना निकलने की क्षमता कम हो जाती है। अपेक्षाकृत कम तापमान पर ही पसीना निकलना शुरू हो जाता है। पसीने में नमक की मात्रा कम हो जाती है। व्यक्ति गरमी को बेहतर ढंग से सहन करने में समर्थ हो जाता है। गरमी के मौसम में कम बेचैनी होती है। कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

### गरमी के दुष्प्रभाव:

गरमी की ऋतु में जीवाणु सुप्तावस्था से जाग जाते हैं यानी सक्रिय हो जाते हैं। रोगवाहक कीट-पतंगे, मक्खियां, मच्छर भी सक्रिय हो जाते हैं और तेजी से बढ़ते हैं जिससे संक्रामक रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि गरमी के मौसम में तेज हवा, आंधी चल रही हो, सूर्य की किरणें सीधी पड़ रही हों, वातावरण में आर्द्रता ज्यादा हो तो बच्चों, बुजुर्गों पर गरम मौसम में अत्यधिक परिश्रम करने, व्यायाम करने, खेलने, मौसम के अनुसार कपड़े न पहनने से गरमी की तीक्ष्णता के दुष्प्रभाव आसानी से हो सकते हैं।

नशेड़ियों, गुर्दों के रोगी, मधुमेह और उच्च रक्तचाप से ग्रस्त व्यक्तियों में भी गरमी के दुष्प्रभाव होने का डर ज्यादा होता है। गरमी के मौसम में बेचैनी व थकावट महसूस होती है। पैरों में सूजन, अकड़न व दर्द हो सकता है। चक्कर आ सकते हैं।




घमौरियां हो सकती हैं। संवदेनशील त्वचा झुलस सकती है जिसे 'सनबर्न' कहा जाता है।

### गरमी के कारण निढाल होना:

गरमी के मौसम की यह आम समस्या है। अत्यधिक मात्रा में पसीना आने से शरीर में पानी, खनिज लवणों की कमी हो सकती है। शरीर का तापमान और रक्तचाप कम हो जाता है। पेशाब की मात्रा भी कम हो जाती है। होंठ व मुंह सूखते हैं। शरीर बेजान-सा महसूस होता है। इन परेशानियों के होने पर ठंडी, हवादार जगह में आराम करें। ठंडे पानी से स्नान करें। पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस का घोल या अन्य ठंडे पेय का सेवन करें। जलजीरा का सेवन कर सकते हैं। ग्लूकोज पानी में घोलकर पिएं।

### गरमी के कारण मांसपेशियों में ऐंठन:

गरमी के मौसम में पसीने के साथ सोडियम क्लोराइड (नमक) के निकलने से इसकी कमी के कारण विशेष रूप से पैरों की मांसपेशियों में ऐंठन, दर्द, खिंचाव होता है जिससे मरीज बेचैन रहता है। रात को नींद में व्यवधान पड़ता है। अतः इन मरीजों को अपने भोजन में नमक की मात्रा ज्यादा बढ़ा देनी चाहिए। नमक व चीनी का शरबत पिएं। इस मौसम में ज्यादा श्रम, भारी व्यायाम न करें।

### गरमी के कारण ज्वर:

कभी-कभी इस मौसम में शरीर से निकलने वाली और वातावरण से जज्ब होने वाली गरमी के कारण ज्वर आ जाता है, अतः मरीजों को ठंडी जगह पर लिटाएं। ठंडे पानी से स्नान कराएं। शरीर को ठंडे पानी में भिगोए तौलिए से या किसी कपड़े में बर्फ रखकर उससे पोंछें। पर्याप्त मात्रा में ओआरएस का घोल पिलाएं।

### लू लगना:

लू लगने पर शरीर का तापमान अत्यधिक नियंत्रित करने वाली प्रणाली निष्क्रिय हो जाती है जिससे शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है। तेज ज्वर होने के बावजूद पसीना नहीं आता। त्वचा गरम, लाल व सूखी होती है। लू लगना अत्यधिक गंभीर परिस्थिति होती है। इससे मौत भी हो सकती है। लू लगने से शुरू में चक्कर आना, सिरदर्द होना, मितली आना आदि समस्याएं होती हैं। हृदय गति अनियमित हो सकती है। पेशाब की मात्रा कम हो जाती है। अर्धचेतन हो सकती है। हार्ट अटैक हो सकता है।

हीट स्ट्रोक होने की संभावना बच्चों, वृद्धों, बीमार, शराबियों, नशेड़ियों, गरम मौसम के आदी न होने वाले व्यक्तियों में ज्यादा रहती है। यदि धूप में परिश्रम, व्यायाम किया जाता है, खेलते हैं तो भी लू लगने की संभावना रहती है। लू लगने पर शरीर का तापमान नियंत्राण की क्षमता समाप्त हो जाती है, अतः मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाएं।

गरमी के मौसम में फोड़े, संक्रामक रोग, हैजा, दस्त, पेचिश, डेंगू, टायफायड, हिपेटाइटिस, पीलिया आदि होने की ज्यादा संभावना रहती है। ये रोग संक्रमित भोजन, पेय, मच्छर, मक्खियों के कारण या वातावरण के प्रदूषित होने अथवा स्वच्छता का पालन न करने के कारण होते हैं। अतः गरमी के मौसम में विशेष रूप से सतर्क रहें। सफाई का विशेष ध्यान रखें। स्वच्छता के नियमों का कड़ाई से पालन करें। (स्वा. द.)

# आंखें प्रकृति का अनमोल उपहार हैं



**संजय पाठक**

प्रकृति ने हमें जितने प्रकार के उपहारों से निहाल बनाया है, उनमें दृष्टि का स्थान सबसे ऊपर है। आँखों से हम जीवन के विभिन्न रंग, रूप व छटाएँ देखते हैं। आंखों की निरन्तर सुंदरता व रोशनी को बनाये रखने के लिये उनकी देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है।

आँखों के प्रति उपेक्षा व असावधानी के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। कम प्रकाश में काम करने, गलत ढंग से पुस्तक पढ़ने, आँखें थकी होने पर भी उनसे जबरदस्ती काम लेने, नेत्रों को सुरक्षित रखने वाली खुराक न लेने, आंखें टेस्ट न कराने, आंखों की किसी भी असुविधा व परेशानी पर ध्यान न देने इत्यादि अनेक कारणों से नेत्रा संबंधी परेशानियां जन्म लेती हैं।

हमारी आंखें स्वस्थ रहें, इसके लिए निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए:-

❉ आंखों की प्रकृति ठंडक पसंद है। अतः प्रातकाल उठते ही साफ, निर्मल और शीतल पानी से आंखों में छींटे मारें। इस बीच पलकों को न झपकायें।

❉ आंखों को धूल और गंदगी से बचाने के लिए सप्ताह में दो बार नहाने के बीच में एक बाल्टी पानी में सिर डुबोकर उसमें आंखों को खोलकर इधर-उधर घुमायें। दो चार बार ऐसा करने से आंखें अच्छी तरह से साफ हो जाती हैं।

❉ सुबह सूर्योदय से पूर्व आकाश के नीले रंगों व रात्रि में चंद्रमा व तारों को देखने से नेत्रों को शीतलता व आराम मिलता है।

❉ हरियाली की ओर देखने से भी आंखों पर अच्छा प्रभाव पड़ता है, अतः नंगे पांव सुबह-सुबह ओस पड़ी घास पर चलें।

❉ आंखों को पोंछते समय गंदे रूमाल या तौलिये का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

❉ बच्चों को गंदे हाथों से काजल नहीं लगाना चाहिए। इससे संक्रमण की संभावना रहती है।

❉ तेज रोशनी से बचने के रंगीन चश्मों का प्रयोग करना चाहिए लेकिन इस बात का पूरा ध्यान रखें कि चश्मे अच्छी किस्म के हों क्योंकि घटिया चश्मे आंखों को हानि पहुंचा सकते हैं।

❉ रात्रि में पढ़ते समय प्रकाश की उचित व्यवस्था व प्रबंध होना चाहिए। विशेष रूप से पढ़ते समय प्रकाश पीठ के पीछे से न आकर सामने या तिरछी बाई ओर से आना चाहिए जिससे आपकी छाया पुस्तक पर न पड़े। टेबल लैंप का प्रयोग उचित है।

❉ पुस्तक लेटकर टेढ़ी रखकर या गर्दन को टेढ़ी करके पढ़ने की व्यवस्था अनुचित है। झुककर पढ़ना भी गलत आदत है।

❉ लगातार पढ़ना भी आंखों के लिए हानिकारक है। बीच में आराम आवश्यक है। यदि काफी देर तक आंखों पर जोर डालने वाला काम किया हो तो कुछ देर आंखें बंद करके शांतिपूर्वक बैठना चाहिए। इससे आंखों को आराम मिलता है।

❉ यदि आंखें थकी-थकी सी लग रही हों तो गुलाब जल में रूई भिगोकर आंखों पर रखने से राहत मिलती है और तरो ताजगी महसूस होती है।

❉ दूसरे व्यक्ति के चश्मे के प्रयोग से भी आंखों को हानि पहुंच सकती है, अतः चश्मे का प्रयोग बहुत सावधानीपूर्वक करें।

❉ हर छः महीने के अंतराल पर अपनी आंखें नेत्रा चिकित्सक को अवश्य दिखानी चाहिए।

❉ भोजन के प्रति जागरूकता आवश्यक है। भोजन में विटामिन 'ए' युक्त आहार का प्रयोग करना चाहिए जैसे-दूध, घी, टमाटर, गाजर, हरी शाक-सब्जी, पपीता आदि।

❉ आंखों के कुछ व्यायाम भी हैं जिनसे इनकी क्रियाशीलता व ताजगी बनी रहती है। योगाभ्यास में त्राटक, ध्यान आदि के द्वारा भी नेत्रा लाभ होता है। इस प्रकार यदि रोजमर्रा की जिंदगी में हम छोटी-छोटी बातों पर ध्यान रखें तो हमारी आंखें सदैव हमारा साथ निभाएंगी। (स्वा.द.)

# फिट रहना है तो ध्यान रखना होगा

**सुनीता गाबा**

फिट रहने की चाहत तो सबकी होती है मगर ध्यान सभी नहीं रख सकते। बहुत से लोग समझते हैं कि पतले ही फिट रह सकते हैं। इस भ्रम में वे खाना पीना इतना कम कर देते हैं कि कुछ ही दिनों में वे ढीले, सुस्त, कमजोर पड़ जाते हैं जो कि स्वास्थ्य की दृष्टि से सही नहीं।

बहुत से लोग मोटे होने पर भी स्वयं को फिट फील करते हैं क्योंकि वे पौष्टिक आहार लेते हैं और व्यायाम भी करते हैं। मोटे वे इसलिए हैं कि वे व्यायाम शायद आवश्यकता से कम करते हैं पर आहार का संतुलन हमेशा बना कर रखते हैं। इसलिए आप भी फिट रहना चाहते हैं तो ध्यान दें कुछ बातों पर:-

✒ फिट रहने हेतु 3 बड़े मील के स्थल पर 5 या 6 छोटे मील लेने चाहिए।

✒ खाना आराम से तसल्ली से चबा कर खाएं ताकि खाने की पूरी संतुष्टि हो। अगर आप चबा कर तसल्ली पूर्वक खाना खाएंगे तो कम खाने से पेट भर जाएगा।



✒ अपने शरीर का मेटाबॉलिज्म सही रखने हेतु नाश्ता अवश्य लें। अधिकतर लोग सुबह की भागदौड़ में नाश्ता करना भूल जाते हैं और उन्हें लगता है कि फिट रहने के लिए नाश्ता न किया जाए तो बेहतर है। ध्यान दें प्रातः का नाश्ता अच्छे स्वास्थ्य हेतु अति आवश्यक है जो दिन भर आपको ऊर्जित रखता है।

✒ खाने में सलाद की मात्रा पर अधिक ध्यान दें। डेजर्ट को बॉय बॉय कहें। शादियों, समारोहों, डिनर, पार्टीज में स्वीट डिश का कम से कम सेवन करें। सलाद पर कोई भी ड्रेसिंग का प्रयोग न करें।

✒ सलाद में गाजर, टमाटर, खीरा, बंदगोभी का सेवन करें। इनसे शरीर को पौष्टिकता मिलेगी और फैटस भी नहीं मिलेंगे। दिन में एक बार सब्जियों का जूस या सूप भी लें। उनसे भी शरीर को पौष्टिकता भरपूर मिलती है और फैट्स नहीं मिलते।

✒ उठने के दो घंटों के भीतर कुछ न कुछ अवश्य लें। सीधा ब्रंच मत लें। ब्रंच सेहत के लिए सही नहीं है।

✒ प्राकृतिक विटामिन डी हेतु प्रातः कुछ समय धूप सेवन अवश्य करें। सेहत के लिए विटामिन डी लाभप्रद होता है।

✒ पौष्टिक आहार के साथ व्यायाम पर पर भी उचित ध्यान दें। जो भी खाया है उसे पचाने हेतु मांसपेशियों की मजबूती हेतु व्यायाम अति आवश्यक है। व्यायाम अपने शरीर की जरूरत अनुसार करें। (स्वा. द.)

# किसानों के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी, कोयला सेक्टर के लिए मेगा बजट, कैबिनेट की बैठक में 4 बड़े फैसले



**नयी दिल्ली :** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और वैश्विक उथल-पुथल के बीच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की अहम बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने देश के किसानों और औद्योगिक क्षेत्र के लिए चार बेहद महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सरकार का सबसे बड़ा फोकस किसानों की आय बढ़ाने और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर रहा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट बैठक में पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और भारत पर इसके संभावित आर्थिक असर की भी समीक्षा की गई। सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह सप्लाई चेन और कच्चे तेल की कीमतों पर पैनी नजर बनाए हुए है ताकि आम जनता पर इसका बोझ न पड़े।

**किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी: एमएसपी में इजाफा**

त्योहारी सीजन और बुवाई के समय से पहले सरकार ने अन्नदाताओं को बड़ी राहत दी है। कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने कहा कि इस कदम से देश भर के लाखों किसानों को लाभ होगा और लगभग 26 लाख करोड़ रुपये का भुगतान होने का अनुमान है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सूरजमुखी के बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। कपास की कीमतों में 557 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई, जबकि नाइजरसीड और तिल की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि इस सीजन में कुल खरीद लगभग 824।41 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी।

**कोयला क्षेत्र के लिए 37,000 करोड़ का बूस्टर डोज**

ऊर्जा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 'कोल गैसीफिकेशन' के लिए 37,000 करोड़ रुपये की बड़ी योजना को हरी झंडी दिखाई है। इस प्रोजेक्ट के जरिए कोयले को गैस में बदला जाएगा, जिसका उपयोग यूरिया उत्पादन और ऊर्जा की जरूरतों के लिए होगा। इससे न केवल प्रदूषण कम होगा, बल्कि भारत को नेचुरल गैस के आयात पर अपनी निर्भरता कम करने में भी मदद मिलेगी। सरकार आगामी वर्षों में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ लगभग 7।5 करोड़ टन कोयले का गैसीकरण करने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने कहा कि यह कदम महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत अभी भी बड़ी मात्रा में एलएनजी, अमोनिया, मेथनॉल और यूरिया का आयात करता है।

**134 किलोमीटर की नई रेल लाइन**

मंत्रिमंडल ने गुजरात में 20,667 करोड़ रुपये की लागत से सरखेज-धोलेरा अर्ध-उच्च गति वाली दोहरी लाइन रेलवे परियोजना को भी मंजूरी दी। 20,667 करोड़ रुपये की लागत वाली यह परियोजना न केवल सफर को आसान बनाएगी, बल्कि इलाके की तस्वीर भी बदल देगी। इस प्रोजेक्ट के तहत सरखेज और धोलेरा के बीच लगभग 134 किलोमीटर लंबी दोहरी रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इस काम को 2030-31 तक पूरा कर लिया जाए।

अधिकारियों ने बताया कि रेल लाइन से अहमदाबाद, धोलेरा हवाई अड्डे और लोथल राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के बीच संपर्क बेहतर होगा। इस परियोजना से लगभग 284 गांवों और करीब पांच लाख लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार ने इसे स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक पर आधारित भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेलवे परियोजना बताया।

**नागपुर हवाई अड्डे का होगा कायाकल्प**

मध्य भारत के सबसे महत्वपूर्ण शहर नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार और आधुनिकीकरण की बड़ी योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब नागपुर एयरपोर्ट को एक विश्व स्तरीय विमानन और माल ढुलाई केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सरकार का इरादा इस हवाई अड्डे की क्षमता को इतना बढ़ाना है कि यह हर साल करीब 3 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम हो सके। इसके लिए कैबिनेट ने भारतीय विमानन प्राधिकरण के भूमि पट्टे के विस्तार को भी मंजूरी दे दी है, ताकि भविष्य में होने वाले निर्माण कार्यों में कोई रुकावट न आए।

## भारत-यूएई एलपीजी, रणनीतिक तेल भंडार पर कर सकते हैं समझौता

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 15 मई को खाड़ी देश की यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए दो महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दे सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह संभावना जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यूएई यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री यूरोप के चार देशों के पांच-दिवसीय दौरे पर जाने से पहले खाड़ी देश में लगभग चार घंटे बिताएंगे। यह यात्रा तेल निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) से यूएई के अलग होने की घोषणा के कुछ दिनों बाद हो रही है। ऊर्जा सुरक्षा के अलावा, प्रधानमंत्री मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे और पश्चिम एशिया संघर्ष पर अपने विचार साझा करेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को अस्थिर कर दिया है। इसका मुख्य कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी है। इस महत्वपूर्ण समुद्रा मार्ग से दुनिया की कुल पेट्रोलियम आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत गुजरता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। यह पिछले 25 वर्षों में कुल मिलाकर निवेश का सातवां सबसे बड़ा स्रोत है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमारे पास यूएई के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए एक ठोस एजेंडा है।''

## सरकार को इस साल रिकॉर्ड लाभांश दे सकता है रिजर्व बैंक

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के इस वर्ष सरकार को अब तक का सबसे अधिक लाभांश दिए जाने की संभावना है। इससे केंद्र को पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सकेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरबीआई ने 2024-25 के लिए केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश दिया था जो इससे पिछले वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक था। सूत्रों ने बताया कि आरबीआई इस महीने होने वाली अपनी निदेशक मंडल की बैठक में लाभांश की राशि पर निर्णय ले सकता है। किसी भी वित्त वर्ष के लिए हस्तांतरण योग्य अधिशेष का निर्धारण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) के आधार पर किया जाता है। संशोधित ढांचे के अनुसार, आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) के तहत जोखिम प्रावधान आरबीआई के बही-खाते के 4.50 से 7.50 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, केंद्र को 2026-27 में आरबीआई, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लाभांश और अधिशेष के रूप में 3.16 लाख करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने सतर्क अनुमान लगाया है लेकिन वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लाभांश भुगतान बजट अनुमान से अधिक हो सकता है क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025-26 में भी रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है। बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता, स्वस्थ ऋण विस्तार और अधिक आय ने 2025-26 के दौरान पीएसबी की लाभप्रदता में सुधार किया है। कुल परिचालन लाभ 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि कुल शुद्ध लाभ 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे वर्ष पीएसबी ने समग्र लाभ अर्जित किया है।

## शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट थमी; सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली बढ़त



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। निचले स्तर पर धातु, ऊर्जा और खपत से जुड़े शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। हालांकि, कारोबारियों के अनुसार रुपये के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर निकासी ने लाभ को सीमित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। यानी कारोबार के दौरान इसमें 1,057.09 अंक की घट- बढ़ हुई। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''वैश्विक बाजार के अपेक्षाकृत स्थिर संकेतों ने भी इस तेजी को समर्थन दिया। इससे तात्कालिक गिरावट का दबाव कम हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमत, बढ़ती मुद्रास्फीति को लेकर चिंताओं और विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर निकासी के कारण लाभ सीमित रहा।'' सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और टेक महिंद्रा शामिल हैं। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा।

## आयात शुल्क बढ़ने से सोना 9700 रुपये उछला, चांदी भी सात प्रतिशत चढ़ी

**नयी दिल्ली :** सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत करने के बाद वायदा कारोबार में बुधवार को सोने की कीमत 9,723 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का भाव करीब सात प्रतिशत उछलकर तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों का वायदा भाव 9,723 रुपये या 6.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,63,165 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल देखा गया। इसके जुलाई अनुबंध का भाव 19,439 रुपये या 6.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,98,501 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। व्यापारियों ने बताया कि आयात शुल्क बढ़ने के बाद घरेलू सर्राफा कीमतों में तेजी आई है। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर बुधवार को 15 प्रतिशत कर दिया। प्लैटिनम पर कर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, 13 मई से सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूएस) और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) में वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह अधिसूचना जारी की गई है।

### सुनील मित्तल अगले पांच साल के लिए फिर से एयरटेल के चेयरमैन नियुक्त

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल के संस्थापक सुनील भारती मित्तल को अगले पांच वर्षों के लिए फिर से निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया है। एयरटेल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मित्तल का नया कार्यकाल एक अक्टूबर, 2026 से 30 सितंबर, 2031 तक होगा। मानव संसाधन एवं नामांकन समिति की सिफारिश पर निदेशक मंडल ने मित्तल की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दी है, जो सदस्यों की स्वीकृति के अधीन होगी। मित्तल का मौजूदा कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होने वाला है।

## पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने पर बढ़ सकते हैं पेट्रोल, डीजल के दाम : आरबीआई गवर्नर



**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि अगर पश्चिम एशिया संकट लंबे समय तक जारी रहता है, तो सरकार को पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ानी पड़ सकती हैं। मल्होत्रा ने स्विट्जरलैंड में मंगलवार को एक सम्मेलन में कहा कि सरकार वित्तीय मामलों में काफी सजग रही है और राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। पश्चिम एशिया संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी ने तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है। इससे ऊर्जा की कीमतें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा और उर्वरकों के आयात पर अत्यधिक निर्भर है और मौजूदा व्यवधानों का असर भारत पर पड़ना शुरू हो गया है। आरबीआई गवर्नर ने संकट का जिक्र करते हुए कहा कि अगर यह लंबे समय तक जारी रहता है तो ''सरकार वास्तव में इन मूल्य वृद्धि का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल सकती है। यह सिर्फ समय की बात है।''

### मिंत्रा की पहल से पूर्वी भारत के फैशन ब्रांड्स को मिलेगा देशभर में विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिंत्रा ने पूर्वी भारत के उभरते फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड्स को राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए नई पहल शुरू की है। कंपनी 15 मई 2026 को कोलकाता में विशेष सेलर ऑनबोर्डिंग एवं इनेबलमेंट कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह आयोजन सदर्न प्लाज़ा होटल, गरियाहाट और द पार्क होटल, पार्क स्ट्रीट में होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्रीय ब्रांड्स को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर आसानी से जोड़ना और ऑनलाइन कारोबार के संचालन में सहायता प्रदान करना है। प्रतिभागियों को ऑनबोर्डिंग, कैटालॉगिंग, विज्ञापन और ऑपरेशनल सपोर्ट से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। मिंत्रा के पोर्टफोलियो में पूर्व भारत के कई लोकप्रिय ब्रांड शामिल हैं। इनमें अंकिता एंटरप्राइज की लहंगा-चोली, रीट्ज़ फैशन की एथनिक ड्रेस, फुलिजन की कुर्तियां तथा आदी अक्षोय एंड कंपनी, बलराम साहा, 8प्योर, साहा टेक्सटाइल और मोंडल साड़ी सेंटर की तांत, बिश्नुपुरी सिल्क और ढाकाई जामदानी साड़ियां प्रमुख हैं।

### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद सुधार, 95.66 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को दिन में कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.80 पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में यह मामूली सुधार के साथ अंत में अपने रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब 95.66 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप एवं सोने के आयात पर शुल्क बढ़ाए जाने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। कारोबारियों के मुताबिक, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है और इसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। महंगा कच्चा तेल, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर बढ़ती चिंताएं इसकी मुख्य वजह हैं।




# कोहली का नाबाद शतक, आरसीबी ने केकेआर को छह विकेट से हराया

**रायपुर :** विराट कोहली के शानदार नाबाद शतक की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बुधवार को बारिश से प्रभावित मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।बारिश के कारण 75 मिनट देर से शुरू हुए मुकाबले में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 192 रन बनाए। टीम के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 46 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जबकि रिंकू सिंह 49 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 76 रन की अहम साझेदारी की।लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को विराट कोहली ने बेहतरीन शुरुआत दिलाई। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली ने 60 गेंदों में 11



चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 105 रन बनाए। यह उनके आईपीएल करियर का नौवां शतक रहा। उन्होंने देवदत्त पडिक्कल (37 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन जोड़े।कोहली को 21 रन के निजी स्कोर पर जीवनदान मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और अंत तक टिककर टीम को जीत दिलाई। आरसीबी ने पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 194 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।इस जीत के साथ आरसीबी के 12 मैचों में 16 अंक हो गए और टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई, जबकि केकेआर 11 मैचों में नौ अंक लेकर आठवें स्थान पर बनी हुई है। कोहली ने इस मैच में कई उपलब्धियां भी हासिल कीं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा 279 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने और टी20 क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज भी बने।

## श्रीकांत, सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन में जीते

**बैंकॉक :** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस साल थाईलैंड मास्टर के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी।

## एयर इंडिया ने 100 से अधिक साप्ताहिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें घटाईं, सात मार्गों पर सेवाएं निलंबित

**नयी दिल्ली :** एयर इंडिया ने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और विमान ईंधन की ऊंची कीमतों के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती तथा सात मार्गों पर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने की बुधवार को घोषणा की। इस दौरान एयरलाइन करीब 100 विदेशी उड़ानों में कमी करेगी। एयर इंडिया ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि इन कदमों से उसकी अंतरराष्ट्रीय क्षमता में करीब 27 प्रतिशत की कमी आएगी। कंपनी पहले ही कुछ मार्गों पर उड़ानें घटा चुकी है। एयर इंडिया ने बयान में कहा कि कुछ क्षेत्रों में जारी हवाई क्षेत्र प्रतिबंध और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए विमान ईंधन की रिकॉर्ड ऊंची कीमतों सहित कई कारकों का संयुक्त प्रभाव कुछ नियोजित सेवाओं की व्यावसायिक व्यवहार्यता को काफी प्रभावित कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि पुनर्गठन योजना के तहत एयर इंडिया की अंतरराष्ट्रीय क्षमता या विभिन्न मार्गों पर उपलब्ध सीट में लगभग 27 प्रतिशत की कमी होगी। एयरलाइन ने बताया कि अगले तीन महीनों में 100 से अधिक साप्ताहिक या 400 से अधिक मासिक अंतरराष्ट्रीय सेवाओं में कटौती की जाएगी। एयरलाइन कंपनी दिल्ली-शिकॉगो, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई, चेन्नई-सिंगापुर, मुंबई-ढाका और दिल्ली-माले मार्गों पर अगस्त तक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रखेगी। एयर इंडिया ने यह भी कहा कि यदि मौजूदा असाधारण परिचालन परिस्थितियां बनी रहती हैं तो वह अपने नेटवर्क में आगे भी बदलाव कर सकती है। एयरलाइन के अनुसार, उत्तरी अमेरिका मार्गों पर कम से कम 10 साप्ताहिक उड़ानों में कटौती की जाएगी, जबकि दिल्ली-शिकॉगो सेवा पहले से ही अस्थायी रूप से बंद रहेगी। यूरोप में 12 साप्ताहिक उड़ानें और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में छह साप्ताहिक उड़ानों में कमी होगी।

## बांग्लादेश से हार के बाद बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर वापस लाने की तैयारी में पाक

**कराची :** बांग्लादेश से मंगलवार को पहले टेस्ट में 104 रन से मिली शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान शान मसूद की जगह बाबर आजम को टेस्ट कप्तान के तौर पर लाने की तैयारी कर रहा है। ढाका में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद मसूद की कप्तानी को लेकर पाकिस्तान में कड़ी आलोचना हुई। बल्ले से भी मसूद का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह दोनों पारियों में नाकाम रहे। टीम के करीबी एक सूत्र के अनुसार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के बाकी मैच के लिए बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर फिर से नियुक्त करने का अभियान शुरू हो गया है क्योंकि पाकिस्तान को इस साल अभी सात और टेस्ट खेलने हैं। मसूद दिसंबर 2023 से टेस्ट कप्तान नियुक्त हुए थे और तब से उनके कार्यकाल में पाकिस्तान ने 15 में से 11 मैच गंवाए हैं। वहीं बाबर घुटने की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे और 18 मई से शुरू होने वाले दूसरे मैच में उनकी वापसी की संभावना है। सूत्र ने कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ प्रभावशाली लोग भी चाहते हैं कि बाबर कप्तान के तौर पर वापस आएं और उनका मानना है कि उन्हें कप्तानी का एक और मौका देने का यह सही समय है। '' उन्होंने कहा, ''अगर बाबर दूसरा टेस्ट खेलते हैं और लय हासिल कर लेते हैं तो वह कप्तान के तौर पर वापसी के प्रबल दावेदार होंगे। बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ शुरुआती बातचीत से संकेत मिलता है कि वह भी दोबारा कप्तान बनने के इच्छुक हैं। '' सूत्र ने कहा कि टीम के अंदर भी सभी बाबर को टेस्ट कप्तान के तौर पर वापस लाना चाहते हैं। पाकिस्तान टीम के तीनों प्रारूप के कप्तान इस समय बांग्लादेश दौरे पर टीम का हिस्सा हैं जिनमें वनडे कप्तान शाहीन शाह अफरीदी और टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सलमान अली आगा शामिल हैं।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: बुमराह शीर्ष पर बरकरार, जायसवाल और गिल शीर्ष 10 में

**दुबई :** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं। गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। टीम ने अपनी पिछली श्रृंखला स्वदेश में नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी।

## एशिया के नंबर एक ट्रैप निशानेबाज जोरावर एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर



**नयी दिल्ली :** एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित टीम में जगह नहीं मिली है। वह एक महीने पहले तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे। जोरावर ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने तर्क दिया है कि पिछले छह महीनों में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया है। एनआरएआई ने हालांकि स्पष्ट किया है कि वह ''डेढ़ साल पहले लागू की गई चयन नीति का सख्ती से पालन करेगा।'' एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषों की संभावित ट्रैप टीम में बदलाव होने की किसी भी तरह की संभावना नहीं है।

### इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने नये चयनकर्ता और नयी टेस्ट टीम का ऐलान किया

**लंदन :** एशेज श्रृंखला में हार के मद्देनजर आत्ममंथन के दौर के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहली बार विदेशी राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त किया है और नयी टेस्ट टीम चुनी है। आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मार्कस नॉर्थ को चयनकर्ता बनाया गया है जो 2018 के बाद से छह इंग्लिश काउंटी टीमों के लिये खेल चुके हैं और डरहम के क्रिकेट निदेशक भी रहे हैं जहां उन्होंने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ काम किया है। इंग्लैंड के पास ब्रेंडन मैकुलम जैसा विदेशी मुख्य कोच है। नॉर्थ अब ल्यूक राइट की जगह लेंगे जो तीन साल इस पद पर रहे। एशेज श्रृंखला में मिली 1 . 4 से हार के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ चार जून से शुरू हो रही श्रृंखला के लिये सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली और तीसरे नंबर के बल्लेबाज ओली पोप को टीम में जगह नहीं मिली है।

वर्ष 11, पूर्णांक 3591 अंक 057 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in